मूल्य 1 रु.

वर्ष: 10 - अंक : 7, मुंबई, शुक्रवार, 28 फरवरी, 2020 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

# दैनिक मुंबई हलचल

अब हर सच होगा उजागर

## दिल्ली में हिंसा

# सतर्क हुई मुंबई पुलिस

### सिर्फ आजाद मैदान में प्रदर्शन की मंजूरी



**पुलिस की लोगों से अपील- वॉटसएप के जरिए फैलाए जाने वाले संदेशों पर भरोसा नहीं करें और सच्चाई जानने के लिए संपर्क करें**

**मुंबई।** नागरिकता संशोधन कानून के विरोध प्रदर्शन के बाद दिल्ली में भड़की हिंसा के बाद मुंबई पुलिस सतर्क हो गई है। महाराष्ट्र के डीजी सुबोध जायसवाल ने कहा कि प्रदर्शन करने के लिए आजाद मैदान निर्धारित किया गया है। वहां भी पुलिस से अनुमति लेने के बाद ही प्रदर्शन की मंजूरी होगी।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

## सोशल मीडिया पर नजर

**मुंबई पुलिस ने कहा- अगर कोई अन्य स्थान पर प्रदर्शन करता है तो उसके साथ कानून के मुताबिक सख्ती से निपटा जाएगा**




## पीएनबी घोटाला: नीरव मोदी के 112 कीमती सामानों की नीलामी 3 मार्च से

(समाचार पृष्ठ 5 पर)

## एक से 10वीं कक्षा तक मराठी भाषा को अनिवार्य करने का विधेयक विधानसभा में पास



**मुंबई।** महाराष्ट्र के सभी स्कूलों में मराठी भाषा के विषय को अनिवार्य बनाने वाला विधेयक गुरुवार को राज्य विधानसभा में बहुमत के साथ पारित हो गया है। जिसके बाद सभी बोर्ड के स्कूलों में पहली कक्षा से दसवीं तक मराठी भाषा अनिवार्य होगी। शैक्षणिक वर्ष 2020-21 से स्कूलों में प्राथमिक स्तर पर पहली कक्षा और उच्च प्राथमिक व माध्यमिक स्तर पर कक्षा छठवीं में मराठी भाषा विषय की पढ़ाई शुरू की जाएगी। (शेष पृष्ठ 5 पर)

### केजरीवाल ने कहा...

## आप नेता दंगे में शामिल हो तो उसे डबल सजा मिले



### राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर कोई राजनीति न हो

**नई दिल्ली।** राजधानी के उत्तर-पूर्व हिस्से में हुई हिंसा में आप पार्षद ताहिर हुसैन के शामिल होने के आरोपों पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को कहा- माहौल खराब करने वाला किसी भी पार्टी का हो, पुलिस को उस पर कार्रवाई करनी चाहिए। अगर आम आदमी पार्टी का कोई नेता इसमें शामिल पाया जाता है, तो उसे डबल सजा मिलनी चाहिए।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### ईज ऑफ लिविंग इंडेक्स में मुंबईकर फिसड्डी

**मुंबई।** केंद्र सरकार द्वारा देश में शुरू किए गए ईज ऑफ लिविंग इंडेक्स (जीवन सुगमता सूचकांक) अभियान 2019 में मुंबईकर दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। 1 फरवरी से 29 फरवरी के बीच शुरू इस अभियान में अब तक सिर्फ 14000 लोगों ने ही भाग लिया है, जबकि सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए सिर्फ 4 दिन बाकी है। सर्वेक्षण में लोगों के रोजमर्रा के जीवन से जुड़े 21 प्रश्नों का समावेश। मुंबईकरों द्वारा दिलचस्पी न दिखाने से इस बार देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के सूचकांक पिछली बार के मुकाबले और नीचे जाने की उम्मीद है। वर्ष 2018 के सर्वेक्षण में मुंबई का स्थान तीसरा था, जबकि पुणे नंबर वन और नवी मुंबई नंबर दो पर थी। बीएमसी महापौर किशोरी पेडणेकर ने मंगलवार को पत्रकारों को संबोधितकरते हुए काम वोटिंग पर चिंता जताई। यहां गौर करने वाली बात है कि देश की सबसे बड़ी महानगर पालिका में 1 लाख से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। यदि बीएमसी कर्मचारियों ने ही सर्वे में भाग लिया होता तो महापौर को मुंबईकरों से अपील करने की जरूरत ही नहीं पड़ती। महापौर ने कहा कि केंद्रीय गृह निर्माण व शहरी कामकाज मंत्रालय की तरफ से ईज ऑफ लिविंग इंडेक्स सर्वेक्षण 2019 के अंर्तगत सर्वोत्तम शहर का सर्वेक्षण शुरू है। इस सर्वेक्षण के तहत भारत के विभिन्न शहरों की तरफ से अपने को बेहतर और सबसे योग्य साबित करने की प्रतियोगिता शुरू है। सर्वेक्षण में मुंबई को पहला क्रमांक मिले इसके लिए सभी लोग इस सर्वेक्षण में शामिल भाग लें।

### शिवसेना और भाजपा के बीच स्थायी समिति में तनातनी

**मुंबई।** भाजपा की दो नगरसेविका राजश्री शिरवडकर और ज्योति अलवणी के सवालों से नाराज स्थायी समिति अध्यक्ष यशवंत जाधव ने दोनों को सदन से बाहर करने की धमकी दी। मामला था महानगर में पुलों की मरम्मत और नए पुलों के निर्माण को लेकर चल रही चर्चा का। इस घटना से नाराज भाजपा ने स्थायी समिति अध्यक्ष के खिलाफ आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया है। भाजपा के मकरंद नार्वेकर, प्रभाकर शिंदे, कमलेश यादव सहित अन्य नगरसेवकों ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जाधव ने महिलाओं का अपमान करते हुए असंसदीय भाषा का इस्तेमाल किया है, इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस मुद्दे पर जाधव को माफी मांगनी पड़ेगी।

भाजपा-शिवसेना की 25 साल पुरानी दोस्ती टूटने का असर बीएमसी में दिखाई देने लगा है। जिस तरह भाजपा -शिवसेना के खिलाफ आक्रामक हुई है, उसे देखते हुए माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में दोनों के बीच नोंक-झोंक और बढ़ेगी। भाजपा इस मामले में जाधव के खिलाफ पुलिस में भी शिकायत दर्ज कराने की तैयारी कर रही है। इसके लिए प्रभाकर शिंदे को मुंबई भाजपा के नेताओं से बात करने की जिम्मेदारी दी गई है। स्थायी समिति की बैठक में मुंबई में पुलों के रखरखाव और निर्माण के प्रस्ताव पर चर्चा चल रही थी। भाजपा की नगरसेविका राजश्री शिरवडकर ने कहा कि शिवसेना और बीएमसी प्रशासन ब्रिज निर्माण, रखरखाव और रिपेयर को लेकर कोताही बरत रही है। भाजपा की ज्योति अलवणी ने भी इसका समर्थन किया। स्थायी समिति अध्यक्ष यशवंत जाधव ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रभाग समिति नहीं है। सदन में बोलने का यह तरीका नहीं है, ऐसा रहा तो सिक्युरिटी बुलाकर दोनों को बाहर निकलवा देंगे। दोनों नगरसेविकाओं के भारी विरोध के बावजूद प्रस्ताव को मंजूर कर लिया गया। इस पर भाजपा सदस्यों ने नाराजगी जताई और हंगामा किया। अंग्रेजों ने जिस हैंकॉक ब्रिज को 1 साल में बना दिया था, वही ब्रिज 4 साल से टूटा पड़ा है और बीएमसी काम भी शुरू नहीं कर पाई है। इस दौरान पुल निर्माण का खर्च बढ़कर जरूर 22 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। खास बात यह है कि इस महत्वपूर्ण ब्रिज को बनाने का प्रस्ताव स्थायी समिति में 22 दिनों से मंजूरी के लिए रुका था।

# बहन के अजन्मे बच्चे की 'हत्या' के लिए युवक को 3.5 साल की जेल

**मुंबई।** मुंबई की एक सेशन्स कोर्ट ने मंगलवार को एक केस में ऐसा फैसला सुनाया जो शायद ही पहले कभी दिया गया हो। कोर्ट ने 23 साल के युवक को अपनी बहन के अजन्मे बच्चे की मौत का जिम्मेदार मानते हुए साढ़े तीन साल की सजा सुनाई। आरोपी युवक ने 2017 में गर्भवती बहन के पेट पर लात मार दी थी। कोर्ट ने मनोज कराखे को आईपीसी की धारा 316 के तहत दोषी माना, जिसमें अजन्मे बच्चे की गैरइरादतन हत्या के लिए अधिकतम 10 साल की सजा का प्रावधान होता है।

आरोपी पर चोट पहुंचाने के लिए अलग से धाराएं लगाई गईं जिनके लिए अलग सजा दी गई है। सरकारी वकील प्रांजलि जोशी ने कहा कि जिन लोगों ने मामले



में गवाही दी, उनमें पीड़ित युवती, उसकी मां, बहन और पति शामिल थे। कराखे की बहन ने पुलिस को बताया था कि वह अपने पति के साथ रहती थी जबकि कराखे पड़ोस में रहता था। उन सबको पता था कि 16 अक्टूबर, 2017 को वह चार महीने की गर्भवती थी।

उसने बताया कि सुबह करीब 10 बजे उसकी बहन और मनोज का आपस में झगड़ा हो गया। जब उसने बीच में दखल दिया तो मनोज से उसके साथ गाली-गलौज किया और गर्भ की बात जानते हुए भी पेट पर लात मारी। इससे वह गिर पड़ी और बेहोश हो गई।

उसे अस्पताल ले जाया गया जहां सोनोग्रफी के बाद डॉक्टर ने बताया कि भ्रूण नहीं बच सका और उसे अबॉर्शन कराना पड़ा। उसने मनोज के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई। इसके बाद आरोपी को पकड़ लिया गया।

# घिरे नरेंद्र मेहता, हुआ जांच का आदेश



**मुंबई।** मीरा-भाईंदर से भाजपा के पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता बुरी तरह से घिरते जा रहे हैं। बुधवार को विधान परिषद में उपसभापति नीलम गोर्हे ने पुलिस द्वारा संज्ञान नहीं लिए जाने के मामले की जांच का निर्देश दिया है। उन्होंने सवाल किया कि मीरा-भाईंदर मनपा की भाजपा नगरसेवक नीला सोंस ने जुलाई 2019 में विधायक मेहता के खिलाफ शिकायत की थी तब पुलिस ने क्यों कार्रवाई नहीं की? गृह मंत्री अनिल देशमुख ने कहा कि पीड़ित महिला ने अभी तक शिकायत नहीं की है। उनकी शिकायत दर्ज किए जाने के बाद मेहता के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। देशमुख ने कहा कि यह मामला सामने आने के बाद पुलिस ने मेहता के घर जाकर उनका बयान दर्ज किया है। पूरा सदन मेहता के खिलाफ गूंज उठा। विधान परिषद में शिवसेना की सदस्य मनीषा कायंदे और राकांपा सदस्य विद्या चव्हाण ने मेहता पर आरोपों की बौछार कर दी। कायंदे ने मांग की कि मेहता को सरकार द्वारा दी रही पेंशन तत्काल रोक दी जाए। कायंदे को रोकते हुए उपसभापति नीलम गोर्हे ने कहा कि मैंने पीड़ित महिला से फोन पर बात की है। उन्होंने मुझे बताया कि मैंने साल 2016 और 2019 में दो बार शिकायत की थी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

## महाराष्ट्र में 10वीं तक मराठी अनिवार्य



मुंबई। महाराष्ट्र में सभी शिक्षा बोर्डों में 10वीं क्लास तक मराठी विषय अनिवार्य कर दिया गया है। मराठी नहीं पढ़ाने वाले स्कूलों के प्रमुखों पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। अगले शैक्षणिक वर्ष (2020-21) से स्कूलों में प्राथमिक स्तर पर पहली कक्षा और उच्च प्राथमिक व माध्यमिक स्तर पर छठी से 10वीं कक्षा तक मराठी भाषा पढ़ाई जाएगी।

बुधवार को विधानपरिषद में मराठी भाषा मंत्री सुभाष देसाई ने महाराष्ट्र के स्कूलों में अध्यापन और अध्ययन के लिए मराठी भाषा अनिवार्य करने का विधेयक रखते हुए कहा, 'मराठी भाषा को अनिवार्य करने के लिए एक समिति का गठन किया गया था। समिति ने कई राज्यों में क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई का अध्ययन किया। उसकी रिपोर्ट पर शिक्षा विभाग और राज्य के सभी शिक्षा बोर्डों से विचार-विमर्श करने के बाद सदन में विधेयक लाया गया। सभी बोर्ड मराठी भाषा को राज्य में अनिवार्य करने के लिए तैयार थे।'

इस विधेयक के पारित होने के बाद महाराष्ट्र बोर्ड के अलावा सीबीएसई, सीआईएसई, ओरिएंटल, , आईजीसीएसई, एनआईओएस और एमआईईबी के तमाम सरकारी और निजी स्कूलों में मराठी भाषा पढ़ाना अब अनिवार्य होगा। अभी तक राज्य में सभी बोर्डों के स्कूलों में मराठी भाषा विषय ऑप्शनल था।

## रेलवे का दावा- बंद हो गया टिकट बुकिंग का गोरखधंधा, मगर यह पूरा सच नहीं

**मुंबई।** रेलवे सुरक्षा बल द्वारा हाल ही में एक सॉफ्टवेयर बनाने वाले रैकेट के सरगनाओं को पकड़ा गया है। ये गिरोह एएनएमएस और मैक नाम से सॉफ्टवेयर बनाकर आईआरसीटीसी की वेबसाइट के जरिए तेजी से टिकट बुक करता था। इस अवैध सॉफ्टवेयर का मार्केट में 80 प्रतिशत हिस्सा था। आरपीएफ डीजी अरुण कुमार ने दावा किया है कि इन दोनों सॉफ्टवेयर को बंद कर दिया गया है, जिसके बाद कई ट्रेनों में तत्काल बुकिंग में कन्फर्म टिकट मिलना आसान हो गया है।

आरपीएफ के अनुसार, सॉफ्टवेयर बंद होने से पहले (29 अक्टूबर 2019) ट्रेन क्रमांक 12534 सीएसएमटी-लखनऊ पुष्पक एक्सप्रेस में थर्ड एसी की तत्काल टिकटें 4 मिनट में बिक गई थीं, सॉफ्टवेयर बंद होने के बाद (9 फरवरी 2020)



तत्काल टिकटें बिकने में 40 मिनट का समय लगा। सचाई यह है कि 29 अक्टूबर को दिवाली का समय था, जब डिमांड ज्यादा होती हैं। 9 फरवरी को परीक्षाओं का समय है, जब डिमांड कम होती है।

रेलवे सुरक्षा बल ने सॉफ्टवेयर टिकट बुकिंग के बिजनेस का टेरर कनेक्शन बताया है। 17 फरवरी को सॉफ्टवेयर बनाने वाली कंपनी के मालिक और फाइनैंसर अमीन कागजी को सूरत से पकड़ा है। इसी के साथ कंपनी के एडमिन अमित प्रजापति को भी सूरत से गिरफ्तार किया गया था। ये लोग सॉफ्टवेयर बनाकर मुंबई के तीन एडमिन सत्यवान (तलोजा), नूर उल हसन (गोवंडी) और अतीक रिजवी (कुर्ला) को बेचते थे। इनमें से सत्यवान को एक हमीद अशरफ नाम के आदमी का बिजनेस पार्टनर बताया जा रहा है। डीजी अरुण कुमार के अनुसार, हमीद पर सीबीआई और अन्य एजेंसियों द्वारा टेरर केस दर्ज कराए गए हैं। हमीद का कनेक्शन कलकत्ता के राजीव पोद्दार नाम के व्यक्ति से बताया गया है। अरुण कुमार के अनुसार राजीव पोद्दार के लैपटॉप से जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े ईमेल मिले हैं। एक ओर रेलवे द्वारा टिकट बुकिंग के गोरखधंधे को आतंकवाद से जोड़ा गया है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-दिलशाद एस खान द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:9619102478 /9769659975
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: दिलशाद एस खान, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# महज 5 रुपये के लिए 5 लोगों ने पीट-पीटकर मार डाला


## भीड़ ने पहुंचाया अस्पताल, हो चुकी थी मौत

## पुलिस की गिरफ्त में सभी 5 आरोपी

**मुंबई।** रोज की तरह वह पेट्रोल पंप पर अपने ऑटो में गैस भराने के लिए पहुंचा था। 205 रुपये की गैस भराने के बाद जब उसने 500 की नोट दी तो वापस मिले 290 रुपये। बुजुर्ग ऑटो ड्राइवर ने इस पर सवाल करते हुए जब 5 रुपये मांगे तो उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इंसानियत को शर्मसार करने वाली यह घटना मुंबई उपनगर के बोरीवली स्थित कस्तूरबा मार्ग की है।

मागाठाणे सीएनजी पंप पर मंगलवार शाम को ऑटोरिक्शा में गैस भराने आए ऑटोरिक्शा ड्राइवर राम दुलार सरजू यादव को पंप पर काम करने वाले 5 कर्मचारियों ने पीट-पीट कर मार डाला। उस दौरान राम दुलार के साथ उसका 35 वर्षीय बेटा संतोष रामदुलार यादव भी था। पुलिस के अनुसार, इस मामले में शामिल पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपियों के नाम संदीप



जाधव (29), संतोष जाधव (34), संतोष शेलार (44), अक्षय मानकुंबरे (20) और रविंद्र मानकुंबरे (38) हैं। अक्षय अंधेरी में रहता है, जबकि बाकी चारों आरोपी नायगांव के खोपरीपाडा स्थित शितला देवी चॉल के कमरा नंबर 31 में एक साथ रहते हैं। मंगलवार की शाम रामदुलार ने अपने ऑटोरिक्शा चालक बेटे संतोष को फोन कर सीएनजी भरवाने के लिए मागाठाणे सीएनजी पंप पर बुलाया था।

रामदुलार ने ऑटो में 205 रुपये की गैस भराने के बाद पंप कर्मचारी को 500 रुपये का नोट दिया और 295 रुपये लौटाने को कहा। बताया जा रहा है कि उस पंप कर्मचारी ने राम दुलार को 295 रुपये की बजाय 290 रुपये यानी 5 रुपये कम ही दिए। रामदुलार ने 5 रुपये कम दिए जाने के बारे में पंप कर्मचारी संदीप जाधव से सवाल किया और उससे 5 रुपये और देने को कहा। इससे पंप कर्मचारी संतोष जाधव नाराज हो गया और रामदुलार के साथ बदसलूकी करने लगा।

पिता के साथ संदीप की बहस होते देख बेटा संतोष यादव भी उसके पास पहुंचा और हस्तक्षेप करने लगा। इससे संदीप जाधव और भड़क गया और उसने पंप पर मौजूद अन्य कर्मचारियों के साथ मिलकर बाप-बेटे की बुरी तरह पिटाई कर दी। इस वारदात में संतोष को गंभीर चोटें आईं, जबकि रामदुलार वहीं अचेत होकर गिर पड़ा।

कुछ देर बाद मौके पर जुटी भीड़ ने बेहोश रामदुलार को कांदिवली के शताब्दी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। देर शाम शताब्दी अस्पताल के डॉक्टरों ने शव का पोस्टमॉर्टम कर उसे परिजन को सौंप दिया। घटना के बाद से उक्त सोसायटी में गम का माहौल है।

कस्तूरबा मार्ग पुलिस थाने के सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर नामदेश शिंदे ने बताया, 'रामदुलार के बेटे संतोष की शिकायत पर पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 143, 147, 149, 302, 323, 504 और 506 दर्ज कर सभी को गिरफ्तार कर लिया है और घटना की जांच की जा रही है।'

# वारिस पठान पर देवेंद्र फडणवीस बोले- क्या शिवसेना ने चूड़ियां पहन रखी हैं?

**मुंबई।** एआईएमआईएम नेता वारिस पठान की विवादित टिप्पणी के मामले में बीजेपी नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शिवसेना पर तीखा हमला बोला है। फडणवीस ने कहा कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी ने चूड़ियां पहन रखी होंगी लेकिन बीजेपी इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगी।

दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में हुई एक रैली में फडणवीस ने कहा कि वह यह समझ नहीं पा रहे हैं कि शिवसेना के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार के सामने क्या हो रहा है। उन्होंने कहा, 'कुछ वारिस या लावारिस उठते हैं और कहते हैं कि 15 करोड़ लोग 100 करोड़ पर भारी हैं। वारिस या लावारिस कौन है जो कहता है कि 15 करोड़ लोग 100 करोड़ पर भारी हैं। हमारा हिंदू समुदाय सहिष्णु है और इसलिए भारत सभी को साथ लेकर चलता है।'

फडणवीस ने कहा कि बीजेपी को अल्पसंख्यकों पर भी गर्व है लेकिन वह किसी लावारिस को नहीं छोड़ेगी अगर वह अपनी कमजोरी के लिए हिंदू समुदाय की सहिष्णुता की परीक्षा लेता है। उन्होंने कहा, 'शिवसेना ने इस मुद्दे पर चूड़ियां पहन रखी होंगी। यहां तक कि हमारी महिलाएं चूड़ियां पहनना कहावत को पसंद नहीं करती लेकिन मैं इस कहावत का इस्तेमाल करूंगा। शिवसेना ने इस मुद्दे पर चुप्पी साध रखी होगी लेकिन हम चुप नहीं बैठेंगे।' फडणवीस ने कहा कि बीजेपी के पास एक समुदाय को दूसरे के खिलाफ खड़ा करने वाले बयान देने वालों को मुंहतोड़ जवाब देने की ताकत है।

पूर्व मुख्यमंत्री की चूड़ियों वाली टिप्पणी पर प्रतिक्रिया करते



हुए पर्यटन मंत्री आदित्य ठाकरे ने उनसे माफी की मांग की। ठाकरे ने बुधवार को ट्वीट किया, 'श्री देवेंद्र फडणवीसजी आमतौर पर मैं पलट कर टिप्पणी करना पसंद नहीं करता। कृपया चूड़ियों की टिप्पणियों के लिए माफी मांगें। सबसे मजबूत महिलाएं चूड़ियां पहनती हैं। राजनीति अपनी जगह है लेकिन हमें इस विमर्श को बदलने की जरूरत है।' उत्तर कर्नाटक के कलबुर्गी में 16 फरवरी को संशोधित नागरिकता कानून विरोधी रैली को संबोधित करते हुए एआईएमआईएम के नेता वारिस पठान ने कथित तौर पर कहा था, 'हमें एक साथ मिलकर आगे बढ़ना होगा। हमें आजादी लेनी होगी, जो चीजें मांगकर नहीं मिलती उसे छीनना पड़ता है, याद रखिए...हम 15 करोड़ हो सकते है लेकिन 100 करोड़ पर भारी हैं।'

# आदित्य की मदद को आए अजित दादा

**मुंबई।** महाराष्ट्र में तीन दलों वाली महा विकास आघाडी सरकार में तीन अलग-अलग विचारधारा वाले दलों की अंदरूनी केमिस्ट्री दिन ब दिन स्वीट होती जा रही है। तीनों दलों के नेता आपसी सहयोग, समन्वय और समझदारी से काम कर रहे हैं। एसा ही एक नजारा बुधवार को विधानसभा में तब देखने को मिला, जब नेता विपक्ष देवेंद्र फडणवीस ने अपने सवालों को जाल में आदित्य ठाकरे को फंसाने की कोशिश की, तो उपमुख्यमंत्री के रूप में खुद अजित पवार ने फडणवीस के सवालों का जवाब दिया।

बुधवार को आदित्य ठाकरे ने पहली बार मंत्री के रूप में विधानसभा में विधायकों के सवालों का सामना किया। यह सवाल पर्यटन मंत्रालय से संबिधित थे। आदित्य ने इन सवालों के जवाब में कहा कि कोकण विकास पर्यटन के लिए, राज्य सरकार अलग से निधि देगी। उसके साथ समुद्र पर्यटन के लिए सरकार एक नई नीति बनाने जा रही है। इसी को आधार बनाकर फडणवीस ने आदित्य ठाकरे से सवाल किया था कि एशियन डिवेलपमेंट बैंक इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए निधि देता है, पर्यटन विकास के लिए नहीं। ऐसे में सरकार पर्यटन विकास परियोजनाओं के लिए पैसा कहां से लाएगी? अजित पवार फडणवीस की 'गुगली' को समझ गए। आदित्य से पहले ही उन्होंने खड़े होकर उन्होंने जवाब दिया कि इस बारे में पिछले महीने ही बैठक हो चुकी है। पर्यटन के इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए ही हम निधि जमा करने की कोशिश कर रहे हैं। विपक्ष जो सुझाव दे रहा है हम भी वही काम कर रहे हैं। इसी बारे में पर्यटन मंत्री आदित्य ठाकरे ने अभी अपने जवाब में आपको बताया है।

# सावरकर की परीक्षा में शिवसेना फेलः फडणवीस

**मुंबई।** बुधवार को सदन में शिवसेना के सावरकर प्रेम की परीक्षा थी, लेकिन सत्ता की लाचारी में शिवसेना इस परीक्षा में फेल हो गई।', यह बात नेता विपक्ष देवेंद्र फडणवीस ने कही। सावरकर गौरव प्रस्ताव की मांग विधानसभा में नामंजूर होने के बाद वह मीडिया से बात कर रहे थे।

**फडणवीस का शिवसेना पर हमला**

सवाल- यह गौरव प्रस्ताव अभी क्यों लाया गया?

फडणवीस- राहुल गांधी के बयान और कांग्रेस की पत्रिका में सावरकर का अपमान किया गया है। सत्ता की लाचारी में शिवसेना सावरकर को भूल गई है। यह बालासाहेब ठाकरे की शिवसेना नहीं है। जब कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने सावरकर के खिलाफ अपमानजनक बयान दिया था, तो उनकी तस्वीर की चप्पल से पिटाई की गई थी।

## अप्रैल से मुंबई-पुणे एक्सप्रेस का सफर होगा महंगा

**मुंबई।** मुंबई-पुणे एक्सप्रेस-वे से सफर करना जल्द ही महंगा होने वाला है। महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) ने एक्सप्रेस वे की टोल की दरों में बढ़ोतरी करने का फैसला लिया है। 1 अप्रैल से वाहन चालकों को एक्सप्रेस-वे सफर करने के लिए 40 से 280 रुपये तक अधिक खर्च करने पड़ेंगे। नई दरों के अनुसार, कार चालकों को एक्सप्रेस-वे से सफर के लिए 230 रुपये के बजाए 270 रुपये चुकाने होंगे।

मिनी बसों के लिए 355 रुपये के बजाए 420 रुपये, ट्रकों के लिए 493 रुपये के बजाए 580 रुपये, बसों के लिए 675 रुपये से 797 रुपये और क्रेन और भारी वाहनों के लिए 1,555 रुपये से 1,835 रुपये चुकाने होंगे।

मुंबई को पुणे से जोड़ने वाले 93 किमी लंबे हाइवे पर टोल वसूली का अधिकार आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डिवेलपर्स को दिया है, जो एमएसआरडीसी को करीब 8,262 करोड़ रुपये का भुगतान करेंगे।

## क्लासमेट्स ने वॉट्सऐप ग्रुप से निकाला, मीडिया स्टूडेंट ने जान दे दी

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में वॉट्सऐप ग्रुप से निकाले जाने से नाराज एक 18 वर्षीय छात्र ने जान दे दी। मीडिया स्टूडेंट जय (काल्पनिक नाम) के अभिभावकों के मुताबिक, उसके साथ पढ़ने वाले स्टूडेंट्स जय को चिढ़ाते थे। बाद में क्लास के वॉट्सऐप ग्रुप से भी ब्लॉक किए जाने के बाद जय ने शुक्रवार को अपनी जान दे दी। मुंबई के वसई इलाके में रहने वाले जय की मौत के बाद पुलिस ने हादसे में मौत का केस दर्ज किया है।

बताया गया कि 'Namunee' नाम से वॉट्सऐप पर बनाए गए एक ग्रुप में जय के अलावा



सात-आठ स्टूडेंट और थे। जय के पैरेंट्स ने बताया कि कई बार जय परेशान हो जाता था क्योंकि उसे चिढ़ाया जाता था और उसे ग्रुप के ऐडमिन ब्लॉक कर देते थे। जय 'अश्लील' बातों पर आपत्ति करता था, जिसके चलते उसके साथ ऐसा व्यवहार होता था। जय के पापा ने बताया कि ग्रुप से निकाले जाने के बाद वह फिर से उन लोगों से अपील करता था कि उसे ग्रुप में जोड़ लें। जय के पिता का आरोप है कि उसके क्लासमेट्स ने उसे यह भी बताया कि किस तरह से वह सूइसाइड कर सकता है। जय के पिता के मुताबिक, वह थोड़ा रिजर्व्ड नेचर का था। ऐनिमेशन सीख रहे जय की जरूरत पड़ने पर ग्रुप में ऐड किया जाता था और फिर बाहर कर दिया जाता था। दो हफ्ते से जय ने कॉलेज जाने से इनकार कर दिया था। बार-बार पूछने पर भी उसने कुछ नहीं बताया और अपनी जान दे दी।

# पीएनबी घोटाला: नीरव मोदी के 112 कीमती सामानों की नीलामी 3 मार्च से

## इनमें महंगी घड़ियां, कार और दुर्लभ पेंटिंग्स शामिल



संवाददाता

**मुंबई।** पीएनबी बैंक घोटाले के आरोपी और हीरा कारोबारी नीरव मोदी के 112 कीमती सामानों की नीलामी अब 3 मार्च से शुरू होगी। यह 5 मार्च तक चलेगी। पहले यह नीलामी 27 फरवरी से शुरू होनी थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सैफरन आर्ट कंपनी को नीरव के जब्त सामानों की ऑनलाइन और ऑफलाइन नीलामी की जिम्मेदारी सौंपी है। इनमें नीरव की हीरे की महंगी घड़ियां, कार और दुर्लभ पेंटिंग्स की नीलामी होगी। सैफरन आर्ट की ओर से बताया गया कि नीरव की घड़ियों में 'एयगर-ला-कोट् मेन्स' की 'रिवर्सो गिरोटोर्बिलन 2' सीमित संस्करण के 70 लाख रुपए में, पाटेक फिलिप की 'नॉटिलस' ब्रांड नाम की सोने और हीरे की घड़ियों के भी 70 लाख रुपए तक में नीलाम होने की उम्मीद है। लग्जरी कारों में 'रॉल्स रॉयस घोस्ट' से 95 लाख रुपए मिल सकता है। नीलामी में 'हरम' के 'बिरकिन' और 'केली' कलेक्शन के हैंडबैग भी रखे जाने हैं, जिनके प्रत्येक के 6 लाख रुपए तक में बिकने की उम्मीद है।

**112 में से 72 सामानों की ऑनलाइन नीलामी:** नीरव के 112 में से 72 सामानों की ऑनलाइन नीलामी होनी है। ये नीलामी तीन और चार मार्च को होगी। जबकि बाकी सामानों की ऑफलाइन नीलामी होगी। बीते साल मार्च में सैफरन आर्ट ने मोदी के मालिकाना हक वाली कुछ पेंटिंग्स की नीलामी की थी। इसमें 55 करोड़ रुपये जुटाए गए थे। नीरव मोदी पर पंजाब नेशनल बैंक के साथ 14,000 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी का आरोप है। वह देश से फरार हैं।

**अमृता शेरगिल की पेंटिंग की भी होगी नीलामी:** इस नीलामी में अमृता शेरगिल की 1935 की एक पेंटिंग, एम. एफ. हुसैन की 'महाभारत' श्रृंखला में से एक ऑयल पेंटिंग, वी. एस. गायतोंडे की 1972 की एक पेंटिंग और मनजीत बावा की 'कृष्ण' पेंटिंग भी शामिल हैं। इसमें शेरगिल और हुसैन की पेंटिंग के 12 से 18 करोड़ रुपए, गायतोंडे की पेंटिंग सात से नौ करोड़ रुपए और बावा की पेंटिंग के तीन से पांच करोड़ रुपए में नीलाम होने की उम्मीद है। इसके अलावा राजा रवि वर्मा की पेंटिंग भी नीलामी में रखी जाएगी।

## रात के समय बुजुर्गों संग लूटपाट करने वाले दो शातिर गिरफ्तार

**मुंबई।** बोरीवली पुलिस ने दो ऐसे लुटेरों को गिरफ्तार किया है, जो रात के समय राह चलते लोगों संग लूटपाट किया करते थे। ये आमतौर पर बुजुर्गों को अपना निशाना बनाते थे। जोन 11 के डीसीपी मोहन दहिकर ने बताया कि दोनों आरोपी रात में बुजुर्गों को रिक्शे में बिठाकर चाकू और पिस्तौल के दम पर उनसे लूटपाट करते थे। इनके खिलाफ मुंबई के अलग-अलग पुलिस स्टेशनों में 20 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। इन आरोपियों को बुधवार सुबह कल्याण इलाके के एक घर से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में सुरेश सिंह(31) और प्रवीण हेलकर(32) शामिल हैं। फिलहाल दोनों से पूछताछ जारी है। डीसीपी मोहन दहिकर ने बताया कि इनसे पूछताछ में और भी खुलासे संभव है।

## गर्भवती बहन के पेट में लात मारी थी, कोर्ट ने दोषी भाई को सुनाई साढ़े तीन साल की सजा

**मुंबई।** यहां सेशन्स कोर्ट ने मंगलवार को एक युवक को अपनी बहन के अजन्मे बच्चे की मौत का दोषी करार दिया। कोर्ट ने दोषी को साढ़े तीन साल की सजा सुनाई है। मामला साल 2017 का है। विवाद के दौरान मनोज कराखे (23) ने अपनी गर्भवती बहन के पेट पर लात मार दी थी। इससे उनकी कोख में पल रहा 4 महीने का गर्भ मर गया था और डॉक्टरों को उनका एबॉर्शन करना पड़ा था। इस मामले में पीड़ित, उसकी मां, बहन और पति ने गवाही दी। कराखे की बहन ने पुलिस को बताया था, मैं अपने पति के साथ रहती थी और भाई मनोज कराखे हमारे पड़ोस में रहता था। उसे पता था कि 16 अक्टूबर, 2017 को मैं चार महीने की गर्भवती थी। सुबह करीब 10 बजे मनोज और मेरी लड़ाई हुई। मेरे पति ने मामला सुलझाने का प्रयास किया। इसके बाद मनोज ने उसके साथ मारपीट की और उसने मेरे पेट पर लात मार दी। मैं गिर पड़ी और बेहोश हो गई। इसके बाद परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां सोनोग्रॉफी के बाद डॉक्टर ने बताया कि भ्रूण नहीं बच सका और उसे अबॉर्शन कराना पड़ा। इसके बाद बहन ने मनोज के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई। कोर्ट ने कराखे को आईपीसी की धारा 316 के तहत दोषी माना है।

(पृष्ठ 1 का शेष)

**सतर्क हुई मुंबई पुलिस**

अगर कोई अन्य स्थान पर प्रदर्शन करता है तो उसके साथ कानून के मुताबिक सख्ती से निपटा जाएगा। अफवाहों से निपटने के लिए मुंबई पुलिस सोशल मीडिया पर भी नजर रख रही है। डीजी ने बताया कि जो भी लोग उकसावे वाले संदेश देंगे या प्रदर्शन के लिए जुटने के संदेश देंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वॉटसएप के जरिए फैलाए जाने वाले संदेशों पर भरोसा नहीं करें और सच्चाई जानने के लिए मुंबई पुलिस से संपर्क करें। मंगलवार को मरीन ड्राइव पर 25-30 लोग दिल्ली में हुई हिंसा की घटनाओं पर विरोध जताने के लिए जुटे थे। पुलिस ने उन्हें ऐसा नहीं करने के लिए कहा, वो नहीं माने तो सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। जायसवाल ने कहा, दिल्ली की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने एहतियाती कदम उठाए हैं। राज्य में हम किसी भी तरह की स्थिति से निपटने में सक्षम हैं।

**एक से 10वीं कक्षा तक मराठी भाषा...**

इसके बाद चरणबद्ध तरीके से अगले पांच साल यानि 2024-25 तक कक्षा पहली से दसवीं तक मराठी भाषा विषय की पढ़ाई को लागू किया जाएगा। इससे पहले बुधवार को विधान परिषद में महाराष्ट्र के स्कूलों में मराठी भाषा को अनिवार्य करने वाला विधेयक मंजूर किया गया। राज्य के सीबीएसई, सीआईएसई, ओरिएंटल, आईजीसीएसई, एनआईओएस, एमआइईबी समेत अन्य किसी भी सरकारी अथवा निजी शिक्षा बोर्ड से संलग्न स्कूलों में मराठी भाषा अनिवार्य होगी। मराठी भाषा विषय को लागू करने की जिम्मेदारी राज्य के स्कूली शिक्षा विभाग की होगी। इसके लिए वे ही नियम बनाएगा। कक्षा पहली से दसवीं तक के लिए खास पाठ्यक्रम बनाया जाएगा। प्रदेश के मराठी भाषा विभाग के मंत्री सुभाष देसाई ने कहा कि फिलहाल सभी बोर्ड के स्कूलों में मराठी भाषा विषय ऐच्छिक था। लेकिन इस विधेयक की मंजूरी के बाद मराठी भाषा विषय अनिवार्य हो जाएगा। मराठी भाषा विषय पढ़ाने के कानून का उल्लंघन करने वाले स्कूलों से 1 लाख रुपए का दंड वसूला जाएगा। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि मेरे जीवन का यह भाग्य का क्षण है कि मेरे कार्यकाल में इस विधेयक को मंजूरी मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के स्कूलों में मराठी भाषा की पढ़ाई होनी ही चाहिए। इससे विद्यार्थियों को मराठी भाषा की अहमियत समझ आएगी। इसके जरिए मराठी भाषा विश्व पटल पर पहुंच सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरे बच्चों ने अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई की है। इसको लेकर हमारी आलोचना भी हुई।

**केजरीवाल ने कहा...**

राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर किसी प्रकार की राजनीति नहीं होनी चाहिए। केजरीवाल ने हिंसा प्रभावितों के लिए मुआवजे का ऐलान भी किया। मृतकों के परिजन को 10 लाख रु., गंभीर घायल को 2 लाख रु., जिनका घर जला उन्हें 5 लाख रु. और दिव्यांग हुए लोगों को 5 लाख रु. का मुआवजा दिया जाएगा। दिल्ली में भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने हिंसा में आप पार्षद ताहिर हुसैन के शामिल होने के आरोप पर कहा- खुफिया ब्यूरो के जवान अंकित शर्मा की हत्या कर उसका शव नाले में फेंक देना, दंगाइयों को अपने घर में शरण देना और पेट्रोल बम फेंकना... एक जन प्रतिनिधि पर इस प्रकार के आरोप लगाए जा रहे हैं। अगर यह सही साबित होते हैं, तो न जनता और न भगवान आपको माफ करेगा। अरविंद केजरीवाल इन सभी मुद्दों पर आप चुप हैं, लेकिन आपकी खामोशी बहुत कुछ कहती है। भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने उन पर लगे भड़काऊ भाषण के आरोपों पर कहा- कोई देश को तोड़ने की बात करे, तो उससे कोई सवाल नहीं पूछता। किसी के घर की छत पर पेट्रोल बम और हथियार मिल रहे हैं, उनसे सवाल नहीं पूछा जा रहा। लेकिन, जिस व्यक्ति ने 35 लाख लोगों का रास्ता खुलवाने के लिए अनुरोध किया, उसे आतंकवादी कहा जा रहा है। उत्तर-पूर्व दिल्ली में सीएए के मुद्दे पर हुई हिंसा में मरने वालों की संख्या गुरुवार को 38 तक पहुंच गई जबकि 364 से ज्यादा लोगों का राजधानी के जीटीबी और एलएनजेपी अस्पताल में इलाज चल रहा है। यहां के जाफराबाद-मौजपुर और आसपास के इलाकों में 23, 24 और 25 फरवरी को नागरिकता संशोधन कानून के समर्थक और विरोधी गुटों में हिंसक झड़प हुई थीं।









## रोहिताश गौर की बेटी गीति गौर का म्यूजिकल लांच



**लोकप्रिय** धारावाही भाबीजी घर पर है, के बेहद लोकप्रिय कलाकार तिवारी जी (रोहिताश गौर) की बेटी गिती गौर ने फिल्मी दुनिया मे कदम रखते ही म्यूजिक वीडियो आय विल आलवैज ब्लाइंडली लव यू से अपने करियर की शूरूवात कर रही है। हाला ही में इस संबंध में आयोजित कार्यक्रम में आंकाक्षा एम अमीन, गीती गौर, मृदल श्री वास्तव, रोहिताश्व गौर, डा. रेखा गौर कामेडियन वीआईपी, सुरिंदर, परितोष, जे अब्बास, मायकल अमीन, आर स्वामी, आदि सितारे उपस्थित थे। इस विडियो का निर्देशन आंकाक्षा एम. अमीन ने किया है, रोहिताश ने कहा कि मैं अपनी बेटी के लिए खुश हूँ वह मेहनत करते हुए धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है। इस मौके पर गीती का कहना है, कि मुझे बेहद खुशी है, कि मेरा डेब्यू अमित मिश्रा के गाने पर हो रहा है, यह मेरा पहला एक्टिंग प्रोजेक्ट है, मैं बेहद खुशकिस्मत हू कि मुझे ऐसा पिता का साथ मिला है, जो हमैशा मेरे साथ खडे है, और मेरे हर फैसले मे मेरा साथ देते है।

# CORONAVIRUS

## संक्रमण रोकने के लिए सऊदी अरब ने उमरा के लिए दुनियाभर के जायरीनों का प्रवेश बंद किया

## मक्का-मदीना नहीं जा सकेंगे विदेशी

**संवाददाता**

**कोरोनावायरस** से दुनिया में 2800 मौतों के बाद सऊदी अरब ने गुरुवार को पवित्र शहर मक्का में उमरा के लिए पहुंचने वाले जायरीनों का प्रवेश बंद कर दिया है। सऊदी सरकार की तरफ से कहा गया कि देश के लोगों को वायरस के संक्रमण से बचाने के लिए अस्थाई तौर पर यह व्यवस्था लागू की गई है। मक्का के बाद धार्मिक रस्में पूरी करने के लिए मदीना जाने पर भी रोक लगाई गई। दरअसल, उमरा हज की तरह ही होता है। लेकिन निश्चित इस्लामी महीने में मक्का और मदीना की यात्रा को हज कहा जाता है। इसके अलावा सालभर में इन स्थानों की धार्मिक यात्रा उमरा कहलाती है। सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने कहा, स्वास्थ्य विभाग की तरफ से दुनिया में



कोरोनावायरस के संक्रमण के मद्देनजर यह फैसला लिया गया है। टूरिस्ट वीजा पर आने वाले पर्यटकों को संक्रमण की दृष्टि से हाई रिस्क कैटेगरी में रखा गया है। हालांकि, हम हालात पर नजर बनाए हुए हैं। लोगों के स्वास्थ्य की दृष्टि से संक्रमण रोकने के लिए यह सावधानी बरती जा रही है। विदेशी लोगों को आने से रोकने के साथ सऊदी अरब ने पड़ोसी देशों के नागरिकों की आवाजाही पर भी सख्ती की है। इसके तहत प्रतिबंध की अवधि में सऊदी अरब और गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल (जीसीसी) के सदस्य देशों के नागरिक संबंधित देशों में आने-जाने के लिए नेशनल आइडेंटिटी कार्ड का इस्तेमाल भी नहीं कर सकेंगे। हालांकि, इस कार्ड का इस्तेमाल करके अपने देश लौटने वाले नागरिकों पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा।

**सभी एंट्री पॉइंट पर निगरानी और जांच:** सऊदी सरकार ने कहा कि देश के सभी एंट्री पॉइंट पर स्वास्थ्य अधिकारी विदेशों से आने वाले प्रत्येक यात्री की जांच कर रहे हैं। उन्हें सभी एहतियात बरतने के बाद ही देश में प्रवेश की इजाजत दी जाएगी। दुनिया से करीब 70 लाख विदेशी हर साल सऊदी अरब पहुंचते हैं। इनमें से अधिकतर लोग जेद्दा और मदीना एयरपोर्ट के जरिए देश में प्रवेश करते हैं।

**चीन में कोरोनावायरस से 2800 जानें जा चुकी हैं:** चीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि कोरोनावायरस से 2744 लोगों की मौत हो चुकी है। हुबेई प्रांत में 26 लोगों की जान गई है। चीन में अब तक संक्रमण के 78,487 मामलों की पुष्टि हो चुकी है। हालांकि नए मामलों में कमी आ रही है। बुधवार को देश में केवल 433 नए मामले सामने आए, जबकि 29 लोगों की मौत हुई।

## भाग्यश्री के साथ सिंगर शौर्या मेहता का डेब्यू म्यूज़िक विडिओ 'मुकम्मल' टी सीरीज से रिलीज

**सलमान खान** के साथ सूरज बड़जात्या की फिल्म 'मैंने प्यार किया' से अपने बॉलीवुड करियर की शुरूआत करने वाली अदाकारा भाग्यश्री लगभग दस साल बाद कम बैक करने जा रही हैं। पिछली बार वह 2010 में आई फिल्म 'रेड अलर्ट' मे दिखाई दी थीं। उनकी वापसी वाला पहला प्रोजेक्ट कोई मूवी नहीं बल्कि एक म्यूज़िक विडिओ है। जी हां, भाग्यश्री का कमबैक वाला म्यूज़िक वीडियो 'मुकम्मल न हुई चाहत' पिछले दिनों मुंबई के सिनेपोलिस सिनेमा में भव्य ढंग से लॉन्च किया गया। जहां इस एलबम से जुड़ी पूरी टीम के साथ साथ कई मेहमान भी मौजूद थे। आप को बता दें कि इस सिंगल सोंग से सिंगर शौर्या मेहता अपना करियर शुरू करने जा रहे हैं जबकि इसमें फीमेल आवाज है दीपा उदित नारायण की। 2018 में रिलीज हुई सुपर हिट मराठी फिल्म 'पाटिल' में अपनी एक्टिंग से सबको चौंकाने वाले अभिनेता संतोष रम्मीना मिजगर इस विडिओ में भाग्यश्री के साथ नजर आ रहे है। इस विडिओ के डायरेक्टर नेशनल अवॉर्ड विजेता निर्देशक शिवाजी लोटन पाटिल हैं जबकि इस गीत को लिखा है ऋषि आजाद ने और संगीतकार हैं डीएच हार्मनी- एसआरएम अलिएन, इस सॉन्ग को टी सीरीज ने जारी किया है। यह प्रोजेक्ट स्टार क्राफ्ट मनोरंजन के राजे भाऊ द्वारा डिजाइन किया गया है। मराठी फिल्म ढग के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का 60 वां राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाले फिल्म निर्देशक शिवाजी लोटन पाटिल ने इस अवसर पर कहा कि शौर्या मेहता की आवाज में एक कशिश है और उन्होंने इस गीत को बड़ी शिद्दत से गाया है। सिंगर शौर्या मेहता ने कहा कि बेहद कम उम्र से ही उन्हें गीतों पर डांस करने और गुनगुनाने का शौक हो गया था। फिर उन्होंने महान सिंगर सुरेश वाडेकर से बाकायदा संगीत और गायकी






की तालीम हासिल की। और अब वर्षों की मेहनत के बाद यह सॉन्ग आप सबके सामने है। उन्होंने भाग्यश्री का खास शुक्रिया अदा किया, जो इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के लिए तैयार हुईं। उन्होंने टी सीरीज के किशन कुमार को भी थैंक्स कहा जो इस लॉचिंग इवेंट पे भी उनका हौसला बढ़ाने आए साथ ही उनका बहुत साथ दिया। इस सिंगल सॉन्ग की खास बात यह होगी कि इसे पांच भाषाओं में पेश किया जाएगा, पहले तो हिंदी में रिलीज किया जा रहा है, इसके पंजाबी, कन्नड़ वर्जन भी रिकॉर्ड किए गए हैं जबकि मराठी तेलगु भी जल्द किए जाएंगे। भाग्यश्री ने यहां कहा कि मैं सिंगर शौर्या को मुबारकबाद देना चाहूंगी कि उनमें कमाल की कला है। उनकी आवाज में एक दर्द है। टूटे दिल की आवाज को उन्होंने बखूबी इस गीत में पिरोया है। यह एक ऐसा गाना है जिससे कोई भी कनेक्ट कर सकता है। यह कहीं ना कहीं पहले प्यार की याद दिला देगा। मेरी फर्स्ट फिल्म मैंने प्यार किया भी पहले प्यार की ही कहानी थी, जिससे लोगों की यादें आज भी जुड़ी हुई हैं। मुझे उम्मीद है कि यह गाना भी ऑडिएंस को अवश्य पसन्द आएगा। इस विडिओ में भाग्यश्री के साथ नजर आ रहे अभिनेता संतोष मिजगर ने यहां कहा कि मुझे अब भी यह एक ख्वाब की तरह लग रहा है कि मैंने भाग्यश्री के साथ इस विडिओ में स्क्रीन शेयर किया है। मैं उनका बचपन से ही फैन रहा हूं। जब उनकी फिल्म मैंने प्यार किया रिलीज हुई थी तो मै दसवीं क्लास में पढ़ता था और जब तक फिल्म सिनेमा हॉल में लगी थी मै रोज यह फिल्म देखने जाता था, जब फिल्म थिएटर से उतरने लगी तो मैं वो पोस्टर अपने घर ले आया था और अपने कमरे में सजा दिया था। मै भाग्यश्री की तस्वीर अपने पर्स में भी रखता था। मेरे लिए यह ड्रीम कम ट्रू जैसा एहसास है। मै कहना चाहूंगा कि आप जिसको भी दिल से चाहते हो चाहते रहो, मुमकिन है कि आपकी ख्वाहिश कभी ना कभी किसी भी रूप में पूरी हो जाए।

## दिल्ली हिंसा पर जारी रही राजनैतिक जबानी जंग

**एक** तरफ दिल्ली में आगजनी व हिंसा चल रही थी दूसरी तरफ राजनैतिक जबानी जंग भी शुरू हो गई। सोनिया गाँधी ने अपनी प्रेस कांफ्रेंस में गृह मंत्री का अमित शाह का इस्तीफा तक मांग लिया। अमित शाह का इस्तीफा मांगते ही सबसे पहले केंद्रीय मंत्री और दिल्ली चुनावों के प्रभारी रहे प्रकाश जावड़ेकर और फिर रविशंकर प्रसाद का बयान आया-और दोनों के जवाबी हमले का लहजा एक जैसा ही रहो प्रकाश जावड़ेकर ने माइक के सामने बैठते ही सोनिया गांधी को पूर्व प्रधानमंत्री के उस बयान की याद दिलायी जिसमें उन्होंने कहा था कि जब कोई बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है। ये बयान राजीव गांधी ने तब दिया था जब 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद दिल्ली में दंगे भड़क उठे थे। कई कांग्रेस नेताओं पर दंगे भड़काने के आरोपी रहे हैं और सज्जन कुमार तो जेल की सजा भी काट रहे हैं। जगदीश टाइटलर जैसे नेताओं को तो अब सार्वजनिक मंचों से कांग्रेस नेता दूर ही रखते हैं-और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ भी जब तब विरोधियों के निशाने पर आ ही जाते हैं। प्रकाश जावड़ेकर ने सोनिया गांधी के बयान की आलोचना की और दुर्भाग्यपूर्ण बतायो फिर बोले- 'जिनके हाथ सिखों के नरसंहार से रंगे हों, वो अब यहां हिंसा को रोकने की सफलता और असफलता की बात करते हैं... उस समय हिंसा का समर्थन किया था... कांग्रेस प्रधानमंत्री ने तो यहां तक कहा था कि जब बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है- ऐसी पार्टी सरकार से जवाब पूछने के लिए आती है तो आश्चर्य होता है। प्रकाश जावड़ेकर ने ये भी कहा कि बालाकोट एयर स्ट्राइक पर भी कांग्रेस ने सवाल उठाये थे। आम चुनाव के दौरान बीजेपी और कांग्रेस के बीच इस मुद्दे पर खूब बहस हुई थी-और दिल्ली चुनाव के दौरान भी बीजेपी नेताओं की रैलियों में ये मुद्दा उठाया गयो हो सकता है हाल फिलहाल राहुल गांधी के बयानों पर बवाल मचने के चलते खुद मोर्चा संभालने का फैसला किया हो-क्योंकि दिल्ली चुनावों के दौरान राहुल गांधी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ 'डंडा मार' बयान पर खूब विवाद हुआ था। उससे पहले 'सावरकर' और 'रेप इन इंडिया' वाले राहुल गांधी के बयान को लेकर भी खूब बवाल मचा थोबेशक सोनिया गांधी ने दिल्ली हिंसा को लेकर अपनी बात रखने का फैसला किया और वो जरूरी भी था, लेकिन ऐसा लगता है जैसे सलाहकारों ने बगैर सोचे समझे बयान तैयार कर दिया हो सोनिया गांधी ने दिल्ली के हालात चिंता और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जतायी है, ये अच्छी बात है। सोनिया गांधी ने अरविंद केजरीवाल की मौके से गैरमौजूदगी पर सवाल उठाया है उसमें भी कोई दिक्कत वाली बात नहीं है-लेकिन अमित शाह का इस्तीफा मांग कर वो बर्रे के छत्ते में हाथ डाल चुकी हैं। कहीं और का मामला होता तो थोड़ा बहुत इधर-उधर चल भी जाता, लेकिन ये हिंसा दिल्ली में हो रही है - और 84 के दंगे भी दिल्ली में ही हुए थे जब भी सिख दंगों की चर्चा छिड़ती है पीड़ितों के जख्म हरे हो जाते हैं और कांग्रेस को बचाव की मुद्रा में आना पड़ता है. 84 के दंगों को लेकर अरविंद केजरीवाल भी कांग्रेस पर हमलावर रहे हैं और एक बार तो वो भाजपा को भी साथ में लपेट चुके हैं। केजरीवाल ने एक बार कहा था- अगर 84 के दंगा पीड़ितों को समय से इंसाफ मिल गया होता तो 2002 में गुजरात में दंगे नहीं हुए होते हालांकि, अरविंद केजरीवाल अब संयम बरतने लगे हैं और दिल्ली हिंसा को लेकर उम्मीद जतायी है कि केंद्र सरकार हालात पर काबू पा लेगी। भाजपा नेता अब दिल्ली पीड़ित सिख परिवारों को इंसाफ दिलाने का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को देते हैं- और ऐसा होते ही कांग्रेस अपने आप निशाने पर आ जाती है। ऐसा लगता है कांग्रेस कार्यकारिणी में बैठे नेता सोनिया गांधी से बयान पढ़ा कर राहुल गांधी की तरह ही फंसा रहे हों।




अशोक भाटिया

## सीएए पर हिंसा: राष्ट्रपति को ज्ञापन देने के बाद सोनिया बोलीं- दिल्ली में दंगों के वक्त सरकार मूकदर्शक बनी रही, मनमोहन ने इसे राष्ट्रीय शर्म कहा

### ममता बनर्जी ने कविता में कहा- एक तूफान ने देश को बंदूक की नोंक पर खड़ा कर दिया, क्या देश से लोकतंत्र का खात्मा हो गया

**कांग्रेस** की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और पार्टी के अन्य नेता दिल्ली हिंसा पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को ज्ञापन सौंपने पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली में दंगे होते रहे और केंद्र सरकार मूकदर्शक बनी रही। हमने राष्ट्रपति से देश में लोगों की जिंदगी, आजादी और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कहा है। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने दिल्ली के दंगों को राष्ट्रीय शर्म करार दिया। कांग्रेस ने राष्ट्रपति से सरकार को राजधर्म याद दिलाने की अपील की। राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपने के बाद सोनिया गांधी ने कहा- हमने गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की भी मांग की है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है, उसे बोलने दीजिए, हम भी बोलेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा- राजधानी दिल्ली में पिछले चार दिनों में जो कुछ हुआ, वो देश के लिए शर्म की बात है। हम सब इसको लेकर बेहद चिंतित हैं। केंद्र सरकार हालात पर काबू



करने में पूरी तरह नाकाम रही है। हमारी पार्टी ने राष्ट्रपति से केंद्र सरकार को राजधर्म याद दिलाने की अपील की है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को अपनी एक कविता में दिल्ली हिंसा की आलोचना की। उन्होंने लिखा, एक तूफान ने देश को बंदूक की नोंक पर खड़ा कर दिया, एक शांत देश हिंसक हो गया, क्या देश से लोकतंत्र का खात्मा हो गया। इसका जवाब कौन देगा, आखिर इसका हल किसके पास होगा, हम गूंगे-बहरे हो चुके हैं, एक पवित्र भूमि नर्क में बदल गई है। दिल्ली हिंसा को लेकर बुधवार को भी कांग्रेस ने शांति मार्च निकाला था। कांग्रेस कार्यकर्ता गांधी स्मृति की तरफ बढ़ रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें जनपथ रोड पर ही रोक लिया। इसके बाद प्रियंका गांधी समेत कांग्रेस के सभी नेता और कार्यकर्ता वहीं धरने पर बैठ गए। प्रियंका ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार दिल्ली में हिंसा रोकने में नाकाम रही है और इस नाकामी के लिए गृहमंत्री अमित शाह को इस्तीफा देना चाहिए। बुधवार को ही प्रेस कॉन्फ्रेंस में सोनिया ने कहा था, पिछले कुछ दिनों से हो रही हिंसा सोची-समझी तरीके से हो रही है। दिल्ली चुनाव के समय भी इसे देखा गया था। भाजपा के नेताओं ने भड़काऊ बयान देकर इस हिंसा को भड़काया है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# दिल्ली हिंसाः छत पर पेट्रोम बम का जखीरा... और फंसे ताहिर





**नई दिल्ली।** नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के खजूरी में हिंसा भड़काने में आप पार्षद ताहिर हुसैन का हाथ था? अब उनके घर से आई कुछ तस्वीरों से शक की सूई और गहरा गई है। ताहिर हुसैन के घर से गुलेल, पेट्रोल बम और कट्टों और ट्रे में भरे मोटे पत्थर बरामद किए गए हैं। इसी घर का एक विडियो भी पहले सामने आया था, जिसमें वहां से लगातार पत्थर और पेट्रोल बम चल रहे थे। आईबी स्टाफ अंकित शर्मा के मर्डर के पीछे भी परिवार इस घर की छत पर मौजूद लोगों को जिम्मेदार ठहरा रहा है। हालांकि, आप पार्षद ताहिर खुद को बेकसूर बता रहे हैं। आम आदमी पार्टी भी इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग कर रही है।

इस मामले में ताहिर अबतक खुद को बेकसूर बता रहे हैं। उनका कहना है कि हिंसा के वक्त वह घर में मौजूद ही नहीं थे। पुलिस ने उन्हें पहले ही वहां से निकाल दिया था। वह बोले कि मेरे घर से कौन बम फेंक रहा था पता नहीं। उन्होंने यह भी दावा किया कि सामने वाले घरों से भी उनके घर की तरफ पत्थर चल रहे थे।

अब माहौल शांत होने के बाद जब कुछ मीडियाकर्मी उस घर की छतपर पहुंचे तो नजारा दिखा। घर की छत पर पत्थर ही पत्थर दिखे। वहां कुछ पत्थरों का चूरा भी था, जैसे वहां मोटे पत्थरों को कूटकर छोटा किया गया हो। साथ ही वहीं एक बड़ी सी गुलेल भी पड़ी थी। इसके अलावा कोल्ड ड्रिंक की बोतलों में पट्रोल भरा मिला है, जिनपर कपड़ा लगाकर उनसे बम बनाने की कोशिश हुई है। इसके अलावा कई कट्टे, बोरियां मिलीं, जिनमें से कुछ में पत्थर भी थे।

आम आदमी पार्टी अपने पार्षद ताहिर के बचाव में उतर गई है। अअढ ने दिल्ली पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस ताहिर के घर पर आठ घंटे बाद पहुंची थी। इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। आप नेता संजय सिंह ने कहा, 'ताहिर हुसैन का सवाल है, उन्होंने बयान जारी किया। उनके घर के अंदर भीड़ घुसी, तो पुलिस को जानकारी दी। लगातार अपने को बचाने के लिए पुलिस से मदद मांगी। पुलिस आठ घंटे बाद पहुंची और पुलिस ने उन्हें निकाला। कहीं कोई दोषी हो, तो आप कार्रवाई कीजिए। ताहिर हुसैन का बयान है कि उनके घर में भीड़ घुसी थी। पत्थर क्यों थे, इस पर कहा कि पुलिस के अधिकारी ही यह बता सकते हैं। वह तो दो दिन से घर में है ही नहीं, पुलिस ने निकाला है।'

इसी इलाके में रहनेवाले इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) में अफसर अंकित शर्मा (26) की हत्या हो गई है। अंकित के परिवार का आरोप है कि ताहिर हुसैन की छत पर जो लोग मौजूद थे वे ही अंकित तो घसीटकर ले गए थे और उन्होंने ही अंकित का मर्डर किया। बता दें कि अंतिक की डेड बॉडी पास के नाले से बरामद हुई थी।

## मुस्लिम पड़ोसी को आग से बचा लिया, खुद झुलस गए प्रेमकांत

**नई दिल्ली।** प्रेमकांत बघेल ने अपने मुस्लिम पड़ोसी का जलता हुआ घर देखा और पड़ोसियों को बचाने चले गए। जान की बाजी लगा दी। प्रेमकांत ने बताया कि शिव विहार में हिंदू-मुस्लिम एक साथ बहुत सौहार्द के साथ रहते हैं। लेकिन दंगे के बाद स्थिति बहुत खराब हो गई है। पेट्रोल बम से लोगों के घर जलाए जा रहे थे। इसी बीच उनके एक मुस्लिम पड़ोसी के घर में दंगाइयों ने आग लगा दी। सूचना मिलते ही वह घर में फंसे हुए लोगों को निकालने पहुंच गए। वह परिवार के छह लोगों को निकाल चुके थे और आग बढ़ती जा रही थी। उनके दोस्त की बुजुर्ग मां अभी भी घर में फंसी थीं। उन्हें बचाने के दौरान आग में झुलस गए। प्रेमकांत ने बताया कि भले वह जल गए, लेकिन उन्होंने अपने दोस्त की मां को बचाने में सफल रहे, इसकी खुशी है। प्रेमकांत के भाई सुमित ने बताया कि जब वह जल गए, तब अस्पताल ले जाने के लिए किसी ने अपनी गाड़ी नहीं दी। क्योंकि शिव विहार, मुस्तफाबाद और खुरेजी में चारों ओर दंगे का मंजर था। एंबुलेंस को भी कॉल किया। वहां से बताया गया कि एंबुलेंस पहुंच रही है, लेकिन एंबुलेंस नहीं पहुंची। जली हुई हालत में प्रेमकांत रात भर अपने घर में ही तड़पते रहे। हमें उम्मीद नहीं थी कि प्रेमकांत बच पाएंगे। सुबह होने पर हम उन्हें जीटीबी अस्पताल लेकर आए।

## दिल्ली में 'राजनीतिक दल खेल रहे डर्टी पॉलिटिक्स'-मायावती





**लखनऊ।** राजधानी दिल्ली के तमाम इलाकों में हिंसा के हालातों पर बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने प्रतिक्रिया दी है। नॉर्थ ईस्ट दिल्ली में हुई हिंसा के बाद जारी सियासत को मायावती ने गंदी राजनीति कहा है। मायावती ने केंद्र सरकार से अपील की है कि वह पुलिस और प्रशासन को अपना काम करने दे और इस मामले पर राजनीति ना की जाए। मायावती ने गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि दिल्ली में हुई हिंसा के बाद पॉलिटिकल पार्टियां गंदी सियासत कर रही हैं। केंद्र को पुलिस और व्यवस्था को अपना काम करने की छूट देनी चाहिए और इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। मायावती ने अरविंद केजरीवाल को नसीहत देते हुए कहा कि दिल्ली में उपजे तनावपूर्ण हालातों को शांत करने के लिए मुख्यमंत्री को आगे आना होगा। उन्हें दूसरे राज्यों में सियासत करने की बजाय राजधानी के हालातों के सामान्य बनाने में केंद्र की सहायता करनी चाहिए। बता दें कि मायावती का यह बयान उस वक्त आया है, जबकि राजधानी के कई इलाकों में हुई हिंसा में 35 अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली में उपद्रवियों की हिंसा के बाद आज पांचवें दिन अधिकतर इलाकों में तनावपूर्ण शांति है। आज फिलहाल हिंसा की खबर नहीं मिली है। बुधवार को एनएसए अजीत डोभाल और सीएम अरविंद केजरीवाल ने भी इलाके का दौरा कर चुके हैं। वहीं तमाम इलाकों में कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।

## यूपी में अनाथ युवतियों के 'साथ' के लिए दूल्हों की लगी लंबी कतार

**लखनऊ।** 'मेरे कई परिचितों ने बालगृह में पली-बढ़ी युवतियों से शादी की है। सभी बेहद खुश हैं। मैं भी किसी अनाथ को अपना जीवनसाथी बनाना चाहता हूं। मैं उसे हर खुशी देने की कोशिश करूंगा।' लखनऊ के मोतीनगर स्थित राजकीय पाश्चातवर्ती देखरेख संरक्षण गृह में रह रहीं अनाथ युवतियों से शादी की खातिर इंटरव्यू देने आए लखीमपुर निवासी एक युवक ने कुछ इस तरह अपने मन की बात बयां की।

इस युवक की तरह से पूरे उत्तर प्रदेश से कुल 150 युवकों ने अनाथ युवतियों से शादी की खातिर इंटरव्यू दिया है। राजकीय पाश्चातवर्ती होम में रह रहीं 29 युवतियों के लिए वरों की तलाश चल रही है। यहां की अधीक्षिका सफलता ने बताया कि इसके लिए पिछले साल अगस्त में विज्ञापन निकाला गया था। कुल 150 आवेदन मिले थे। पुलिस वैरिफिकेशन के बाद जिला प्रोबेशन अधिकारी सुधाकर शरण पांडेय, उप निदेशक सर्वेश कुमार पांडेय, सीडब्ल्यूसी सदस्य सुधा रानी, बाल संरक्षण अधिकारी आसमा जुबैर और डॉ. मीना शामिल के पैनल ने 40 युवकों का साक्षात्कार लिया। इनमें से 17 युवक चुन लिए गए हैं। युवकों के चयन के साथ उनका बायोडेटा भी जमा करवाया गया है। अधीक्षिका के मुताबिक, एक हफ्ते बाद युवतियों की कोर्ट मैरिज करवाई जाएगी। कोर्ट से मैरिज सर्टिफिकेट आने के बाद महिला कल्याण विभाग के आदेश पर सामूहिक विवाह करवाया जाएगा। अधीक्षिका ने बताया कि विदाई में सभी युवतियों को विभाग की तरफ से तमाम उपहार दिए जाएंगे। प्रयास होगी कि किसी को परिवार की कमी न खले। इससे पहले साल 2018 में 31 युवतियों का विवाह करवाया गया था। साक्षात्कार के बाद चुने गए चिनहट निवासी युवक ने कहा कि शादी के बाद पत्नी को उसकी इच्छा के अनुसार पढ़ाने के साथ ही नौकरी भी करने दूंगा। गन फैक्ट्री में काम करने वाले युवक ने बताया कि वह परिवारी की जिम्मेदारी उठाने में पूरी तरह सक्षम है। किसी अनाथ को जीवनसंगिनी बनाने के निर्णय से उसके परिवारीजन भी बेहद खुश हैं। रायबरेली से आए युवक ने कहा कि किसी अनाथ का साथी बनकर खुद को बेहद खुशनसीब समझूंगा। प्राइवेट सेक्टर में नौकरी के साथ खेती-किसानी करने वाला यह युवक जीवन संगिनी के लिए दिए गए इंटरव्यू में सफल होने के बाद काफी खुश नजर आया। बता दें कि लखनऊ से सबसे ज्यादा 4 लोग शादी के लिए चुने गए हैं। इसके अलावा उन्नाव, हरदोई, हाथरस, अलीगढ़ से दो-दो लोग चुने गए हैं।



## दरिंदगी करने वालों से ही परेशान थी 14 साल की गैंगरेप पीड़िता, आग लगाकर दे दी जान

**भोपाल/बैतूल।** सामूहिक बलात्कार के बाद आरोपियों द्वारा प्रताड़ित किये जाने से परेशान होकर आठवीं में पढ़ने वाली 14 वर्षीय छात्रा ने बैतूल शहर में अपने घर पर खुद को आग लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

बैतूल जिले की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रद्धा जोशी ने बताया कि 14 वर्षीय लड़की ने मंगलवार शाम को शहर स्थित अपने घर में अपने ऊपर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा ली। 90 प्रतिशत झुलस चुकी छात्रा को बैतूल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने नागपुर रेफर कर दिया गया। श्रद्धा ने बताया कि इस लड़की ने बुधवार सुबह करीब नौ बजे नागपुर के अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अधिकारी ने बताया कि पीड़िता ने अपने बयान में तीन व्यक्तियों के नाम लिये थे।

## बूंदी बस हादसाः बाप-बेटे, चाचा, ताऊ... जब एक साथ जलीं 24 चिताएं... हर आंख हो गई नम

कोटा। राजस्थान के बूंदी बस हादसे में मारे गए 24 लोगों के शव कोटा के जवाहर नगर पहुंचे तो चारों तरफ कोहराम मच गया। ये सभी घर से भात की रस्म के लिए सवाई माधोपुर जा रहे थे लेकिन जब 9 ऐंबुलेंस में लौटकर आए तो परिवार और पड़ोसियों की चीखें निकल गईं। मरने वालों में से 21 आपस में रिश्तेदार थे जिनका अंतिम संस्कार भी एक साथ हुआ। लोकसभा स्पीकर ओम प्रकाश बिरला भी हादसे की सूचना पाकर कोटा पहुंचे।

# ट्रैवलर्स के लिए सबसे सुरक्षित हैं ये 10 देश, जानें भारत कितना पीछे

*ट्रैवलर्स के लिए दुनिया के सबसे सुरक्षित देशों की एक लिस्ट आई है, जिसमें भारत का नंबर 122वां हैं। इनश्योर्ली नाम की एक ट्रैवल इंश्योरेंस कंपैरिजन वेबसाइट द्वारा विकसित किए गए मेथडॉलजी से घूमना के लिहाज से दुनिया के 180 देशों को रैंकिंग दी गई है। यह रैंकिंग प्राकृतिक आपदाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, अपराध और आतंकवाद के खतरे समेत कई मापदंडों को ध्यान में रखकर दिया गया है। यहां हम आपको दुनिया में सैलानियों के लिए सबसे सुरक्षित 10 देशों के बारे में बता रहे हैं।*



**स्विट्जरलैंड**

सैलानियों के लिए दुनिया का सबसे सुरक्षित देश स्विटजरलैंड है। स्विटजरलैंड का 60 फीसदी हिस्सा आल्प्स पर्वतों से ढका हुआ है, इसलिए यहां बहुत खूबसूरत पर्वत, गांव, झील और चरागाह हैं। स्विस लोगों का जीवनस्तर दुनिया में सबसे ऊंचे जीवनस्तरों में शुमार किया जाता है।

**सिंगापुर**

सिंगापुर भारतीयों का पसंदीदा टूरिस्ट डेस्टिनेशन्स में से एक है। कई लोग यहां परिवार के साथ छुट्टियां मनाने आते हैं, तो कुछ हनीमून के लिए भी इस जगह को चुनते हैं। यह सैलानियों के लिए दूसरा सबसे सुरक्षित देश है।

**नार्वे: लैंड ऑफ द मिडनाइट सन**

'लैंड ऑफ द मिडनाइट सन' कहे जाने वाला यूरोपियन देश नॉर्वे ट्रैवलर्स के लिए तीसरा सबसे सुरक्षित देश है। इसे सूर्योदय का देश कहा जाता है। यहां मई से जुलाई तक लगभग 76 दिनों तक सूरज कभी नहीं डूबता है।

**लग्जमबर्ग**

ट्रैवलर्स के लिए सबसे सुरक्षित देशों की लिस्ट में चौथे स्थान पर मौजूद लग्जमबर्ग यूरोप का एक छोटा लेकिन बेहद खूबसूरत देश है। इस देश को आप सिर्फ दो घंटे में घूम सकते हैं। मोसेल नदी के किनारे स्थित अंगूर के बगान, आर्डेन की खूबसूरत घुमावदार घाटी, ऐतिहासिक महलों और पुराने फार्महाउस वाले आकर्षक गांव आपको अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

**साइप्रस**

साइप्रस भूमध्यसागरीय क्षेत्र में एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। अपनी संस्कृति, कला, संगीत, साहित्य और मजेदार फूड्स के लिए फेमस साइप्रस काफी खूबसूरत है। ट्रैवलर्स के लिए सबसे सुरक्षित देशों की लिस्ट में पांचवें स्थान पर मौजूद है।

**आइसलैंड**

ट्रैवलर्स के लिए सबसे सुरक्षित देशों की लिस्ट में छठे स्थान पर मौजूद आइसलैंड में आप जहां भी सिर घुमाकर देखेंगे आपको बेहद खूबसूरत और पिक्चर परफेक्ट प्राकृतिक दृश्य नजर आएगा।

**डेनमार्क**


डेनमार्क नियमित रूप से दुनिया के सबसे प्रसन्न देशों में अपना स्थान बनाता है। यह काफी खूबसूरत देश हैं। ट्रैवलर्स के लिए सबसे सुरक्षित देशों की लिस्ट में यह सातवें पायदान पर है।

**पुर्तगाल**

पुर्तगाल ट्रैवलर्स के लिए सबसे सुरक्षित देशों की लिस्ट में आठवें नंबर पर है। बीच प्रेमियों के लिए बेहद खूबसूरत पुर्तगाल किसी जन्नत से कम नहीं है। यहां खूबसूरत सनराइज, सनसेट के साथ ही वॉटर स्पोर्ट्स के भी मजे लिए जा सकते हैं।

**फिनलैंड**

फिनलैंड में कई छोटी-बड़ी झीलें है, जिनकी संख्या करीब 2 लाख हैं। फिनलैंड में दिन और रात का चक्कर बहुत लोगों को चक्कर में डाल देता है। यहां कुछ इलाकों में 23 घंटे सूरज उगता है और कुछ जगहें ऐसी भी हैं, जहां 51 दिन तक रात रहती है। बेहद खूबसूरत होने के साथ ही ट्रैवलर्स के लिए सबसे सुरक्षित देशों की सूची में 9वें स्थान पर है।





**जापान: लैंड ऑफ द राइजिंग सन**

जापान के दो-तिहाई इलाके पर मनोरम पहाड़ फैले हुए हैं, जहां कई गर्म झरने मौजूद हैं। वहीं प्लेन इलाके में जापान अत्यधिक आधुनिक प्रतीत होता है। ट्रैवलर्स के लिए सबसे सुरक्षित देशों की लिस्ट में यह दसवें नंबर पर है।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
पारिवारिक सदस्य के कारण तनाव मिल सकता है। शासन सत्ता से सहयोग लेने में सफल होंगे। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**सिंह**
आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। धन, समान, यश, कीर्ति में वृद्धि होगी। मांगलिक या सांस्कृतिक उत्सव में हिस्सेदारी रहेगी।

**धनु**
रचनात्मक प्रयास फलीभूत होगा। संबंधों में मधुरता आएगी। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। किसी मूल्यवान वस्तु के पाने की अभिलाषा पूरी होगी।

**वृष**
शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में किया जा रहा काम सार्थक होगा। दांपत्य जीवन में तनाव आएगा। भागदौड़ रहेगी। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा।

**कन्या**
शिक्षा की दिशा में सफलता मिलेगी लेकिन पारिवारिक या व्यावसायिक तनाव मिल सकता है। व्यर्थ की उलझनें भी मिलेंगी।

**मकर**
शासन सत्ता से सहयोग मिलेगा। कुछ पारिवारिक या स्वास्थ्य से संबंधित परेशानी रहेगी। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**मिथुन**
पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। संबंधों में मधुरता आएगी। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा।

**तुला**
आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। उच्च अधिकारी या घर के मुखिया से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।


**कुंभ**
यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद होगी। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कर्क**
स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। विरोधी सक्रिय हो सकता है। जीवनसाथी का सहयोग रहेगा। पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी बीमारियां घेर सकती हैं।

**वृश्चिक**
जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी।

**मीन**
जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा लेकिन भावुकता पर नियंत्रण रखें। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद होगी।

# दुनियाभर के पर्यटकों में बढ़ रहा कोच्चि का आकर्षण





केरल के सबसे महत्वपूर्ण शहरों में से एक कोच्चि इन दिनों दुनियाभर के पर्यटकों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यात्रा की ऑनलाइन जानकारी मुहैया कराने वाली प्रमुख कंपनी ट्रिप अडवाइजर की रिपोर्ट के अनुसार ट्रेंडिंग (लोगों के बीच इस समय पसंद के) टूरिस्ट डेस्टिनेशन्स की लिस्ट में कोच्चि पहले पायदान पर रहा है। ट्रिप एडवाइजर ने 2020 के यात्रियों के सबसे पसंदीदा टूरिस्ट डेस्टिनेशन्स की लिस्ट निकाली है। इस साल लिस्ट में दो नई श्रेणियां बनाई गई हैं।

पहली श्रेणी ऐसे गंतव्य स्थलों की है जो वर्तमान समय में लोगों के बीच पसंद किए जा रहे यानी कि ट्रेंड में हैं। जबकि दूसरी सूची उभरते गंतव्य स्थलों (इमर्जिंग) की है। कंपनी की ह्यनाउ एंड नेक्स्टह्व सूची के मुताबिक पसंद किए जा रहे गंतव्य स्थलों में कोच्चि के बाद फिलीपींस के लुजोन और पुर्तगाल के पोर्टो का क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान है। जबकि सूची में अंतिम और 25वें स्थान पर रूस का मॉस्को है।

वहीं दुनिया के उभरते गंतव्य स्थलों की सूची में रूस का कलिनिनग्राद पहले स्थान पर है। जबकि अल्बानिया का सारांडे दूसरे और लेबनान का बेरूत तीसरे स्थान पर है। जबकि इस सूची में अंतिम और 25वें स्थान पर आगरा है।

इस बारे में कंपनी के भारतीय परिचालन के प्रबंधक निखिल गंजू ने कहा, भारतीय गंतव्यों का विश्व मानचित्र पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए देखना शानदार है और जब यह उपलब्धि पर्यटकों की प्रतिक्रिया और पर्यटकों की बढ़ती रुचि पर आधारित हो, तब यह और भी उल्लेखनीय बन जाता है।

कैसे पहुंचें कोच्चि

बात करें हवाई मार्ग की, तो कोच्चि देश के सभी प्रमुख शहरों से हवाई मार्ग से जुड़ा हुआ है। वहीं देश के सभी बड़े शहरों से जुड़ा हुआ है। रेल मार्ग के जरिए आप बेहद आसानी देश के सभी प्रमुख शहरों से कोच्चि पहुंचा जा सकते हैं। यहां दो प्रमुख स्टेशन्स हैं-एनार्कुलम जंक्शन और एनार्कुलम टाउन।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# रोजाना करें इन 2 चीजों का सेवन, परेशानियां होगी दूर!



आजकल हर 5 में से 2 लोग सेहत से जुड़ी कोई न कोई समस्या से परेशान हैं। इसका सबसे बड़ा कारण गलत खान-पान है। शरीर को तंदुरूस्त रखने के लिए जरूरी नहीं कि दवाइयों का ही सेवन किया जाए। आपकी रसोई में कई ऐसी चीजें मौजूद होती हैं,जो सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हो सकती हैं। आज हम जिस चीज की बात कर रहें हैं वो है आंवला। जरूरी नहीं कि इसका सेवन बीमार लोग ही कर सकते हैं। तंदरूस्त व्यक्ति भी आंवले के सेवन से बीमारियों से दूर रह सकते हैं। इससे शरीर की प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होगी,जिससे रोगों को लड़ने की शक्ति बनी रहेगी। इस तरह से करें आंवले का इस्तेमाल

**सामग्री**
- आंवले
- शहद

**बनाने और पीने की विधि**

सबसे पहले 7 या 8 आंवलों को साफ ठंडे पानी से धो लें और फिर कद्दूकस करके इनको सूती कपड़े में निचोड़ कर रस निकाल लें।इसकी मात्रा कम से कम 15 मि.ली हो, इस रस में 15 ग्राम शहद मिलाकर इसका सेवन करें। इसके सेवन के बाद दो तीन घंटे तक कुछ भी नहीं खाना चाहिए पर गुनगुना पानी पी सकते है। इसके चमत्कारिक असर के लिए आपको यह प्रयोग लगातार करना पड़ेगा। यदि आप इसे लेने से पहले हल्का फुल्का व्यायाम भी कर लें तो इसका असर दुगुना हो जाएगा। आंवला में भरपूर मात्रा में एंटी ऑक्सीडेंट पाया जाता है।सभी रोगों से बचे रहने के इच्छुक लोगों के लिए और शरीर में एक नई शक्ति लाने के लिए यह साधारण प्रयोग किसी अमृत से कम नही है। इसके अन्य रोगों में लाभ इस तरह से हैं...

1.आंवला के सेवन से हड्डियां मजबूत होती है और इनको ताकत मिलती है। इसके सेवन से जोड़ों का दर्द तक खत्म हो जाता है।

2.मासिकधर्म की अनियमितता और कष्ट में इसका सेवन करने से इस परेशानी से निजात मिल जाती है।

3.आंवला हमारे मेटाबोलिज्म को तेज करके वजन को कम करने में मदद करता है।

4.यदि आप इस प्रयोग में शहद के साथ मिश्री भी मिला लेते है तो यह उपाय उल्टी रोकने में भी काफी मददगार है।

5. आंवले का रस आंखों के लिए बहुत फायदेमंद हैं,इससे आंखों की ज्योति बढ़ती है।


# 3 चीजों से बना ये पाऊडर घटा देगा आपका वजन!



आज हर 5 में से 3 तीसरा व्यक्ति मोटापे से ग्रस्त है। मोटापा एक ऐसी बीमारी है, जो जल्दी से पीछा नहीं छोड़ती। मोटापे को कम करने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय करते है, घंटों जिम जाकर एक्सरसाइज करते है, लेकिन फिरभी वजन कम करने में असफल रहते है। आज हम आपको कुछ ऐसे तीन चीजों के मिक्षण के बारे में बताएंगे, जिनके सेवन से मोटापा तेजी से कम होता है। आइए जानते है इस मिक्षण की सामग्री के बारे में। इसको त्रिफला कहते है, जो तीन चीजों से मिलकर बना होता है जैसे आंवला, हरड़ और बहेड़ा। ये हमारे शरीर के लिए काफी फायदेमंद होते है, इनको मिला देने से इसके लाभ और ज्यादा बढ़ जाते है। रोज सुबह गुनगुने पानी के गिलास में एक चम्मच त्रिफला पाउडर मिलाए और 1 चम्मच शहद मिलाकर पीएं। इससे मोटापा कम होता है।

# ...तो बढ़ सकता है डायबिटीज का खतरा!

डायबिटीज एक ऐसी बीमारी है, जो हमारे शरीर में अग्नाशय द्वारा इंसुलिन का स्त्राव कम हो जाने के कारण होती है। पहले समय में यह समस्या बढ़ती उम्र के लोगों में देखने को मिलती थी लेकिन बदलते लाइफस्टाइल के कारण यह समस्या कम उम्र में भी होने लगी है। हम लोग अक्सर अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में ऐसी गलतियां कर देते है, जिसका सीधा असर हमारी सेहत पर पड़ता है, जिनमें डायबिटीज बीमारी आम है। आज हम आपको कुछ ऐसी आदतों के बारे में बताएंगे, जिनमें सुधार करके आप डायबिटीज के खतरे को काफी हद तक टाल सकते है।



**1.नाश्ता न करना**

सुबह का नाश्ता न करने से बॉडी का इन्सुलिन लेवल बिगड़ने लगता है, जिस वजह से बॉडी का ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल करना मुश्किल हो जाता है।

**देर से खाना**

रात को देर से खाना खाकर फिर तुरंत सो जाने से वजन बढ़ता है। इससे ब्लड शुगर का बैलेंस बिगड़ने लगता है तो डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है।

**शुगर ड्रिंक्स**

शुगर ड्रिंक में शुगर की कापी मात्रा होती है, जो बॉडी की कैलोरी को बढ़ाता है, जिससे वजन बढ़ता है और डायबिटीज हो सकती है।

**हैल्दी डाइट न लेना**

अपनी रोज की डाइट में साबुत अनाज, नट्स, मशरूम, हरी सब्जियां और बिन्स आदि शामिल न करने से ब्लड शुगर लेवल बिगड़ जाता है और डायबिटीज की आंशका बढ़ जाती है।

**स्नैक्स**

दिनभर ज्यादा कैलोरी वाले स्नैक्स खाने से बॉडी को कैलोरी ज्यादा मिलती है। इससे फैट बढ़ता है और डायबिटीज बढ़ती है।

**खान के बाद बैठे रहना**

अक्सर लोग खाने के बाद घंटों बैठे रहते है, जिससे फैट बढ़ने लगती है और ब्लड शुगर लेवल बिगड़ जाता है। साथ ही डायबिटीज हो जाती है।

**सलाद न खाना**

रोजाना खाने में सलाद की मात्रा न लेने से भी डायबिटीज का खतरा बढ़ सकता है क्योंकि सलाद में फाइबर होता है, जो हमारी बॉडी के ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल रखता है।

# अपेंडिक्स के दर्द से हैं परेशान तो अपनाएं घरेलू उपाय

अपेंडिक्स में दर्द या इंफैक्शन के बारे में आपने कई बार सुना होगा। अपेंडिक्स पेट के दाई तरफ नीचे के हिस्से में होता है। इसमें इंफैक्शन हो जाए तो हल्का से दबाने पर भी दर्द शुरू हो जाता है। कई बार तो इलाज में लापरवाही के कारण यह फट भी सकता है। जिससे पेट को भी नुकसान पहुंच सकता है इसीलिए डॉक्टर ऑपरेशन करने की भी सलाह देते हैं। अपेंडिक्स सब्जियों में पाए जाने वाले सैल्यूलोज को पचाने का काम करता है। वैसे तो ऑपरेशन के द्वारा निकाल दिए जाने पर इसका सेहत पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। लेकिन ठीक समय पर इसका इलाज कर लिया जाए तो ऑप्रेशन से बचा जा सकता है।



**इंफैक्शन के कारण**

- फाइबर वाले भोजन की कमी
- आंतों में खाना जमा होना
- फलों के बीज
- पुरानी कब्ज

**घरेलू उपचार**

1. अपेंडिक्स के इलाज के लिए पेट को साफ रखना बेहद जरूरी है।
2. एलोवीरा जूस का रोजाना सेवन करने से आंतों में जमा गंदगी साफ होनी शुरू हो जाती है।
3. खाना खाने से पहले टमाटर के साथ अदरक और सेंधा नमक लगाकर खाएं।
4. कच्चा दूध पीने से परहेज करें। उबले हुए दूध को ठंड़ा करके पीने से लाभ होता है।
5. अपेंडिक्स के दर्द से राहत पाने के लिए अदरक वाली चाय का सेवम करें।
6. खट्टे और मसालेदार खाने से परहेज करें।
7. सुबह खाली पेट रोजाना 2-3 कलीया लहसुन की खाने से राहत मिलता है।
8. रोजाना सुबह खाना खाने से पहले 2-3 पत्ते तुलसी का सेवन करने से लाभ मिलता है।
9. छाछ में काला नमक मिलाकर खाने से फायदा होता है।
10. दिन में 10-12 गिलास पानी जरूर पीएं।
11. फाइबर युक्त आहार को जैसे सेब,सलाद,हरी पत्तेदार सब्जियों को खाने में शामिल करें।

# एंटोनी ग्रीजमैन ने बार्सिलोना को हार से बचाया, यूएफा चैंपियंस लीग का ये मैच रहा रोमांचक




**नेपल्स।** एंटोनी ग्रीजमैन के गोल से बार्सिलोना ने मंगलवार को यहां यूएफा चैंपियंस लीग टूर्नामेंट के अंतिम-16 के पहले चरण के मैच में नापोली के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। बार्सिलोना को अपने कप्तान लियोन मेसी से इस मैच में भी गोल की आस थी, लेकिन वह मिले मौके का फायदा नहीं उठा पाए। उन्होंने ला लीगा के पिछले मैच में ही टीम की जीत में चार गोल दागे थे। मेसी के पास नौवें मिनट में गोल करने का मौका था जब उन्होंने बॉक्स के बाहर से गेंद को गोल पोस्ट की ओर भेजा, लेकिन गेंद पोस्ट के ऊपर से चली गई। 32 वर्षीय मेसी स्टेडियो सैन पाउलो में अपना पहला मैच खेल रहे थे, लेकिन वह चैंपियंस लीग में अपने 114 गोल में इजाफा नहीं कर पाए।

पहले हाफ में नापोली की टीम ज्यादा आक्रामक होकर खेलने लगी, जिसका फायदा उन्हें गोल के रूप में मिला। 30वें मिनट में जिलेंस्की ने बॉक्स के बाहर से गेंद ड्राइस मर्टेंस को पास की, जिन्होंने दायें पैर से गेंद को सही जगह भेजकर नापोली को मैच में 1-0 से आगे कर दिया। पहला हाफ नापोली के नाम रहा।

दूसरे हाफ में 51वें मिनट में मेसी के पास स्कोर बराबर करने का एक मौका फिर मिला, लेकिन इस बार भी वह सफल नहीं हो पाए। इस बीच, 57वें मिनट में सेमेडो ने ग्रीजमैन को धीरे से गेंद पास की और उन्होंने दायें पैर से तेजी से गेंद को गोल पोस्ट में भेजकर बार्सिलोना की मैच में वापसी कराई। 76वें मिनट में मेसी ने कॉर्नर किक से गेंद पर किक लगाई, लेकिन उनके साथी इसे गोल पोस्ट में नहीं भेज सके। हालांकि 89वें मिनट में विडाल को रेड कार्ड दिखाया गया, जिसके बाद स्पेनिश टीम बार्सिलोना को शेष मैच 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। दोनों टीमों के बीच दूसरे चरण का मैच 18 मार्च को कैंप नाउ में खेला जाएगा।

# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में विराट कोहली पहले स्थान से खिसके



**दुबई।** विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंग्टन में पहले टेस्ट की दोनों पारियों में सिर्फ 21 रन बनाकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान गंवा दिया है। कोहली की रैंकिंग में इस गिरावट का फायदा उनके प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ (911 अंक) को हुआ है। कोहली 906 अंक के साथदूसरे स्थान पर हैं। अजिंक्य रहाणे, चेतेश्वर पुजारा और मयंक अग्रवाल इस सूची में क्रमशः 8वें, 9वें और 10वें पायदान पर हैं। पहले टेस्ट में 75 रन बनाने वाले भारतीय उपकप्तान रहाणे को एक स्थान का फायदा हुआ है। दो टेस्ट की इस सीरीज का पहला मैच टीम इंडिया ने 10 विकेट से गंवा दिया था।

# महिला टी-20 विश्व कप : भारत ने न्यूजीलैंड को 3 रनों से हराया




**मेलबर्न।** भारतीय टीम ने गुरुवार को यहां जंक्शन ओवल मैदान पर खेले जा रहे आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप के ग्रुप-ए के मैच में न्यूजीलैंड को तीन रनों से हरा दिया। न्यूजीलैंड ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला करते हुए भारत को 20 ओवरों में आठ विकेट के नुकसान पर 133 रनों पर ही रोक दिया। न्यूजीलैंड हालांकि इतने रन भी नहीं बना पाई और भारतीय गेंदबाजों के सामने निर्धारित ओवरों में पांच विकेट के नुकसान पर 130 रन ही बना सकी। इसी के साथ भारतीय महिलाओं ने सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है।

न्यूजीलैंड के लिए कैटी मार्टिन ने 25 रन बनाए । मैडी ग्रीन ने 27 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 24 रनों की पारी खेली। एमिला केर ने अंत में 19 गेंदों पर छह चौकों की मदद से नाबाद 34 रन बना टीम को जीत दिलाने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हो सकीं। इससे पहले, न्यूजीलैंड ने भारत को अच्छी शुरूआत के बाद भी बड़ा स्कोर नहीं करने दिया।

भारत की ओर से श्जफाली वर्मा ने एक बार फिर दमदार प्रदर्शन किया और 34 गेंदों पर चार चौके तथा तीन छक्कों की मदद से 46 रन बनाए। तानिया भाटिया ने 25 गेंदों पर 23 रनों की पारी खेली। उनकी पारी में तीन चौके शामिल रहे। इन दोनों के आउट होने के बाद टीम का मध्य क्रम बिखर गया और भारत बड़ा स्कोर नहीं कर पाई। न्यूजीलैंड की ओर से रोजमैरी माइर और एमिला केर ने दो-दो जबकि कप्तान सोफी डिवाइन, लेग केस्पारेक और लिया ताहुहु ने एक-एक विकेट चटकाए।

# 32 साल की मारिया शारापोवा ने टेनिस को अलविदा कहा

## आखिरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन में उतरी थींपांच बार की ग्रैंड स्लैम विजेता हैं शारापोवा



**नई दिल्ली।** पांच बार की ग्रैंड स्लैम विजेता रूस की खिलाड़ी मारिया शारापोवा ने टेनिस से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। 32 साल की शारापोवा ने वोग एंड वैनेटी फेयर में आलेख में लिखा कि हाल के सालों में लगातार होने वाली चोटों ने उन्हें यह फैसला लेने पर बाध्य किया।

रूसी सुंदरी ने कहा, 'आप उस एकमात्र जीवन को कैसे छोड़ सकते हैं जिसे आप जानते हैं? आप कैसे उन कोर्ट से अलग हो सकते हैं जहां आप जब बच्ची थीं, तब से प्रशिक्षण लेती रही हैं।।? वह खेल जिसने आपको बेपनाह खुशियां और आंसू दिए। एक ऐसा खेल जिसमें आपको पूरा परिवार मिला। बेपनाह फैंस जो 28 साल के करियर में आपके साथ रहे। मैं इसके लिए नई हूं तो कृपया मुझे क्षमा करें। टेनिस- अब मैं तुम्हें अलविदा कहती हूं।'

शारापोवा ने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि क्या वह इस फैसले पर तत्काल अमल करने जा रही हैं। वह अंतिम बार इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन में खेली थीं, जहां उन्हें पहले राउंड में ही 19वीं सीड सर्बिया की डोना वेकिक से हार का सामना करना पड़ा था। वह काफी लंबे समय से कंधे की चोट से जूझ रही थीं। शारापोवा ने 2004 में 17 साल की उम्र में विंबलडन के रूप में अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था और 2012 में फ्रेंच ओपन जीत करियर स्लैम भी पूरा किया था। 2004 में शारापोवा ने वर्ल्ड नंबर-1 सेरेना विलियम्स को मात देकर विंबलडन जीता था। 2012 के बाद उन्होंने 2014 में भी फ्रेंच ओपन जीता था। 2006 में वह अमेरिकी ओपन और 2008 में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने में सफल रही थीं। 2016 में शारापोवा पर डोपिंग के कारण 15 महीनों का प्रतिबंध लगा था। 2017 अप्रैल में उन्होंने वापसी की थी।

# आईपीएल से पहले धोनी बन गए किसान! खरबूजा-पपीता उगाने के सीख रहे हैं गुर

नई दिल्ली। महेंद्र सिंह धोनी बहुत जल्द क्रिकेट के मैदान पर नजर आएंगे। वह आईपीएल 2020 में धूम मचाने के लिए तैयार है। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान धोनी 2 मार्च को टीम से जुड़ जाएंगे। लेकिन इससे पहले धोनी का एक वीडियो वायरल हो गया है। फेसबुक अकाउंट पर शेयर किए गए वीडियो में टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी एक नए रूप में नजर आ रहे हैं। दरअसल, वह अब खेती-किसानी की सोच रहे हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने इस पर अमल भी शुरू कर दिया है।

38 साल के धोनी ने अब जैविक खेती शुरू कर दी है। इन दिनों वह अपने गृहनगर रांची में खरबूजा और पपीता उगाने का गुर सीख रहे हैं। माना जा रहा है कि धोनी ने अब अपने रिटायरमेंट प्लान पर काम करना शुरू कर दिया है।


महेंद्र सिंह धोनी ने अपने अकाउंट पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा है, 'रांची में 20 दिनों में खरबूज और पपीता की ऑर्गेनिक खेती की शुरूआत की है, पहली बार है कि बहुत उत्सुक हूं।'

दो मिनट के इस वीडियो में धोनी खेती शुरू करने से पहले पूजा-अर्चना करते दिख रहे हैं। वह इस दौरान धूप जलाते हैं और नारियल तोड़ते दिख रहे हैं।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# बॉलीवुड में पहचान बनाना चाहती है शाइमा होर्मीलोसा





**मायापुरी** नगरी मुंबई में आकर फिल्मों में काम करना हर व्यक्ति का सपना होता है। यही कारण है कि देश ही नहीं विदेशी कलाकार भी बड़ी तादात में अपनी प्रतिभा को मंच देने के लिए मुंबई पहुंचते हैं। दुबई की शाइमा होर्मीलोसा ब्लॉगिंग, फिटनेस, जीवन शैली के इंफ्ल्यून्सर्स के तौर पर एक जाना माना नाम है। अब वह बॉलीवुड में ब्रेक के लिए अपनी कमर कस रही है। शाइमा बॉलीवुड का उभरता हुआ सितारा है जिसने फैशन इंडस्ट्री को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कामयाबी दिलाई है। बड़े-बड़े फैशन शो का हिस्सा रह चुकी है और दुबई में भी अपने टैलेंट के झंडे गाड़ चुकी शाइमा होर्मीलोसा का नाम जल्द ही बॉलीवुड में भी सामने आने वाला है। हिंदी सिनेमा के प्रति अपनी रुचि और गहरी इच्छा के बारे में बात करते हुए शाइमा कहती है कि मैं विशेष रूप से बॉलीवुड में बनने वाली फिल्मों के प्रति बहुत आकर्षित रही हूं। मैंने ज्यादातर बॉलीवुड की फिल्में देखी है और उनसे प्रभावित भी हुई हूँ। माया नगरी मुंबई में दस्तक दे चुकी शाइमा होर्मीलोसा कहती है कि मेरा एक लंबे समय का सपना रहा है और अपने सपने को पूरा करने के लिए यहां आई हूं। शाइमा होर्मीलोसा का हिप्पी, ट्रेंडीफैशन और लाइफस्टाइल प्रभावित करने वाला है वह फुल टाइमर निजी ट्रेनर है। शाइमा के पसंदीदा अभिनेताओं में शाहरुख खान और इरफान खान नाम सबसे ऊपर है। उनकी अदाकारी बेहद पसंद है। वह नयी और पुरानी हिंदी फिल्में देखने की शौकीन है।

# सलमान खान के साथ फिल्म नहीं कर रहे हैं आनंद एल राय



**पिछले** कुछ दिनों से ऐसी चर्चा रही है कि डायरेक्टर आनंद एल राय ने एक फिल्म के लिए सुपरस्टार सलमान खान से संपर्क किया था। बताया जा रहा था कि इस ऐक्शन फिल्म में सलमान खान का डबल रोल होता। हालांकि अभी तक इस फिल्म की चर्चा के बीच ही आनंद एल राय ने अपनी अगली फिल्म 'अतरंगी रे' की घोषणा कर दी है। इस फिल्म में उन्होंने अक्षय कुमार, धनुष और सारा अली खान को कास्ट किया है। सलमान के फैन्स आनंद एल राय के साथ उनकी फिल्म के लिए काफी उत्साहित थे लेकिन इस बीच खबर आई है आनंद के साथ सलमान के फिल्म करने की बात कोरी अफवाह थी।

# तापसी पन्नू ने बताया, जब उनका दिल टूट गया था



**बॉलिवुड** ऐक्ट्रेस तापसी पन्नू की अगली फिल्म 'थप्पड़' रिलीज के लिए तैयार है। पिछली बार तापसी पन्नू फिल्म 'सांड की आंख' में भूमि पेडनेकर के साथ दिखाई दी थीं। पिछली कई फिल्मों से तापसी की ऐक्टिंग स्किल्स की काफी तारीफ हो रही है। हालांकि कई बार ऐसा भी हुआ है कि तापसी पन्नू को अपनी फिल्मों के मिलने वाले रिस्पॉन्स से दिल टूट जाता है। एक हालिया इंटरव्यू में तापसी ने कहा कि अवॉर्ड फंक्शन में कई बार ज्यूरी के लोग उन पर मेहरबान नहीं रहते हैं। तापसी ने कहा कि भले ही ऑडियंस की पसंद को सबसे ऊपर माना जाता हो लेकिन कई बार उनका दिल टूट जाता है जब उन्हें अच्छी परफॉर्मेंस के बाद भी अवॉर्ड नहीं मिलता है। इस बारे में बात करते हुए तापसी ने कहा जब साल 2016 में रिलीज हुई शूजित सरकार की फिल्म 'पिंक' को अवॉर्ड नहीं मिला था तो उनका दिल टूट गया था। तापसी ने आगे कहा कि उन्हें अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट भी नहीं किया गया था। जहां तक कि उन्हें एक-दो जगह नॉमिनेट भी किया गया तो उन्हें अवॉर्ड नहीं मिला जबकि लोगों को फिल्म में उनकी परफॉर्मेंस काफी अच्छी लगी थी। उन्होंने कहा कि फिल्ममेकर ने भी मुझसे कहा था कि अवॉर्ड जीतने के लिए तैयार रहो। इस बारे में बात करते हुए तापसी ने आगे कहा कि एक लड़की जो फिल्म इंडस्ट्री में नई है और उसे बहुत सारी उम्मीदें हैं, लेकिन जब उसे प्रोत्साहन नहीं मिलता तो उसके भीतर काफी कुछ टूट जाता है। हालांकि तापसी ने यह भी कहा कि आगे उन्हें इतना बुरा नहीं लगा क्योंकि जब उन्हें अवॉर्ड्स मिले तो आगे फिर कभी उनका दिल नहीं टूटा।